रविवार, 15 जून 2025

**मौसम**

तापमान 25 – 35
आर्द्रता 64%
सूर्योदयः 4:52 सूर्यास्तः 18:22

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी खिताब के 27 साल के इंतजार को खत्म कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती -पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**सुविचार :** अपनत्व ऐसा उपहार है जिसे देने से बेजुबान भी झुक जाते हैं।

# ब्लैक बॉक्स को डिकोड किया जा रहा, तीन महीने में रिपोर्ट सौंपेगी जांच टीम: नागरिक उड्डयन मंत्री




नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने प्रेस को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी साझा की




एयर इंडिया ड्रीमलाइनर हादसे में मारे गए यात्री का शव कोल्ड स्टोरेज ले जाते स्वास्थ्य कर्मी

## मृतकों की संख्या 270 हुई

**अहमदबाद/नयी दिल्ली :** अहमदाबाद में लंदन जा रही एअर इंडिया की विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या शनिवार को बढ़कर 270 हो गई। इसी बीच, केंद्र सरकार ने हादसे के कारणों की जांच के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बहु-विषयक समिति गठित की है। जांचकर्ता बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर (एआई171) के बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता लगाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास और कैंटीन परिसर के मलबे की जांच कर रहे हैं। वहीं, नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा के स्वामित्व वाली विमान कंपनी के बोइंग 787 श्रृंखला के विमानों की ''विस्तारित निगरानी'' के आदेश दिए हैं। एअर इंडिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उसने अपने नौ बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की एक बार की सुरक्षा जांच की है और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशानुसार शेष 24 ऐसे विमानों की जांच पूरी करने की दिशा में अग्रसर है। एअर इंडिया के बेड़े में अब 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। एक बार की सुरक्षा जांच से तात्पर्य किसी विशेष कार्यक्रम या गतिविधि से पहले किसी चीज के सुरक्षित होने और संबंधित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किए गए विशिष्ट निरीक्षण या मूल्यांकन से है। एअर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही उड़ान 'एआई 171' में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य थे जिनमें से एक को छोड़कर सभी की मौत हो गई है। वहीं, विमान मेडिकल कॉलेज परिसर पर गिरा जिससे जमीन पर मौजूद पांच एमबीबीएस छात्रों सहित 29 अन्य लोगों की भी जान चली गई। जांचकर्ता दुर्घटना के सभी संभावित कारणों की जांच कर रहे हैं, जिनमें 11 वर्ष पुराने विमान के दोनों इंजनों में गति की कमी, कई पक्षियों का टकराना या फ्लैप में संभावित समस्या शामिल है। नायडू ने दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि ब्लैक बॉक्स की जांच से पता लगेगा कि त्रासदी से कुछ क्षण पहले क्या हुआ था। डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर), जिसे आमतौर पर ब्लैक बॉक्स के रूप में जाना जाता है, शुक्रवार को दुर्घटना स्थल पर छात्रावास भवन की 'छत' से बरामद किया गया था। अब तक एक और ब्लैक बॉक्स- कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीबीआर) की बरामदगी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। यह उपकरण कॉकपिट में रेडियो प्रसारण और अन्य आवाज़ें रिकॉर्ड करता है, जैसे पायलटों के बीच बातचीत और इंजन की आवाजें।

## एअर इंडिया, एआई एक्सप्रेस उड़ान संख्या '171' का इस्तेमाल नहीं करेंगी

एयर इंडिया के विमान की बृहस्पतिवार को घातक दुर्घटना के बाद एयर इंडिया और एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस उड़ान संख्या '171' का इस्तेमाल नहीं करेंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे। उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान संख्या 'एआई 171' का संचालन कर रहा था। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह एक आम चलन है कि घातक उड़ान दुर्घटनाओं के बाद एयरलाइंस विशेष उड़ान संख्या का उपयोग करना बंद कर देती हैं।


## एअर इंडिया मृतकों के परिजन और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी

विमानन कंपनी 'एअर इंडिया' ने शनिवार को घोषणा की कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन और जीवित बचे लोगों को 25-25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी। एअर इंडिया ने एक बयान में बताया कि यह अंतरिम भुगतान मूल कंपनी 'टाटा संस' द्वारा पहले घोषित किए गए एक-एक करोड़ रुपये के मुआवजे के अतिरिक्त है।

## अब तक 19 शव के डीएनए का उनके परिजन के डीएनए से मिलान हुआ

अहमदाबाद सिविल अस्पताल के प्राधिकारियों ने 12 जून को हुई एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए 19 लोगों के शवों की डीएनए जांच के जरिए पहचान कर ली है और उन्हें उनके परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकारी बी जे मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के प्रोफेसर डॉ. रजनीश पटेल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एक शव शनिवार को उसके परिवार को सौंप दिया गया, जबकि अन्य दो शव दिन के अंत तक सौंपने की बात कही थी। उन्होंने कहा, ''अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के अब तक 19 शवों के डीएनए का उनके परिजनों के डीएनए से मिलान हो चुका है।'' उन्होंने कहा कि डीएनए मिलान होते ही सिविल अस्पताल परिवारों से संपर्क करेगा और उन्हें अस्पताल आने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। अधिकारियों ने पहले कहा था कि जिन आठ शवों की पहचान उनके रिश्तेदारों ने कर ली थी और जिनके डीएनए की जांच की जरूरत नहीं है, वे पहले ही उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

# इजराइली हमले में 138 ईरानियों की मौत, ईरान ने जवाबी कार्रवाई में मिसाइलें दागीं



## इजराइल लड़ाकू विमान जल्द ईरान के आसमान में होंगे : नेतन्याहू

**यरुशलम :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को ईरान के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रखने का संकल्प लेते हुए कहा कि उनका देश ईरानी शासन के हर ठिकाने और लक्ष्य पर हमला करेगा। नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश में नागरिकों से कहा, ''निकट भविष्य में, आप तेहरान के आसमान पर इजराइली वायु सेना के विमान देखेंगे। हम अयातुल्ला शासन के हर स्थल और हर लक्ष्य पर हमला करेंगे।'' उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान ने अब तक जो कुछ अनुभव किया है, वह आने वाले दिनों में उसे जो सामना करना होगा, उसके आगे कुछ भी नहीं है।

## ईरान का दावा- तीसरा एफ-35 जेट गिराया

**इजराइल :** इजराइल और ईरान के बीच टकराव दूसरे दिन भी जारी है। पिछले दो दिनों में ईरान में 138 लोग मारे गए हैं। इजराइल ने शुक्रवार रात 10:30 बजे दूसरी बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर प्लेन से हमले किए। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गई। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हुए। इससे पहले ईरान में शुक्रवार सुबह 5:30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गए थे। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल थे। ईरान ने भी जवाबी हमला करते हुए इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 राजधानी तेल अवीव में गिरीं। इजराइल में अब तक 3 लोगों की मौत की खबर है। 7 जवान सहित 90 से ज्यादा घायल हुए हैं। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया है। ईरान ने दावा किया है कि मिसाइल इजराइली रक्षा मंत्रालय पर भी गिरी। हालांकि अभी तक इजराइल ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे। वहीं, ईरान का दावा है कि उसने तीसरी बार इजराइल का एफ-35 फाइटर जेट मार गिराया है।

## ईरान-इजराइल तनाव पर एससीओ के बयान के बाद भारत ने कहा, उसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली :** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) द्वारा इजराइल के सैन्य हमलों की आलोचना करते हुए जारी किए गए बयान के बाद भारत ने शनिवार को कहा कि इजराइल-ईरान स्थिति पर उसका रुख पहले की तरह ही है और उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तनाव कम करने के लिए वार्ता और कूटनीतिक माध्यमों का उपयोग करने का आग्रह किया। भारत ने शुक्रवार को कहा था कि वह ईरान और इजराइल के बीच हाल के घटनाक्रमों से 'बेहद चिंतित' है और उभरती स्थिति पर 'बारीकी से नजर रख रहा है', हालांकि नयी दिल्ली ने दोनों देशों से तनाव बढ़ाने वाले किसी भी कदम से बचने का आग्रह किया था।

# नीट-यूजी परिणाम: राजस्थान के महेश कुमार शीर्ष पर, मध्यप्रदेश के उत्कर्ष अवधिया दूसरे स्थान पर



महेश कुमार

**नयी दिल्ली :** राजस्थान के महेश कुमार ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जबकि मध्यप्रदेश के उत्कर्ष अवधिया ने दूसरा स्थान हासिल किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल कुल 22.09 लाख परीक्षार्थियों में से 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। हालांकि यह संख्या पिछले वर्ष के 13.15 लाख उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से कम है। पिछले वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या भी 23.33 लाख से अधिक थी। इस वर्ष उत्तीर्ण उम्मीदवारों में 7.2 लाख से अधिक छात्राएं हैं, जबकि 5.14 लाख से अधिक छात्र हैं। इनमें से 529 अभ्यर्थी विदेशी नागरिक, 405 एनआरआई (गैर निवासी भारतीय) और 606 ओसीआई (प्रवासी भारतीय नागरिक) कार्ड धारक हैं। महाराष्ट्र के कृषांग जोशी और दिल्ली के मृणाल किशोर झा क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। लड़कियों में दिल्ली की अविका अग्रवाल शीर्ष पर रहीं और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान हासिल किया। अधिकतम उत्तीर्ण अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश (1.70 लाख से अधिक) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र (1.25 लाख से अधिक) और राजस्थान (1.19 लाख से अधिक) का स्थान है। कुल 73 अभ्यर्थियों ने 720 में से 651 से 686 अंक प्राप्त किये हैं, जबकि 1,259 अभ्यर्थियों ने 601 से 650 के बीच अंक प्राप्त किये हैं।

# अयोध्या में राम दरबार जनता के लिए खोला गया



**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या में राम मंदिर की पहली मंजिल पर स्थापित राम दरबार शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मंदिर न्यास द्वारा शुक्रवार देर शाम को इस संबंध में निर्णय लिए जाने के बाद शनिवार से राम मंदिर में आने वाले भक्त राम दरबार में प्रवेश कर सकेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा कि चूंकि फैसला देर शाम को लिया गया था इसलिए शनिवार को दर्शन के लिए केवल दो पाली- शाम पांच से सात बजे और शाम सात से नौ बजे तक के लिए सीमित संख्या में पास की व्यवस्था की गई है। मिश्रा ने कहा कि स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने भक्तों को दरबार में जाने की अनुमति दी। उन्होंने बताया कि राम लला के दर्शन के लिए दिए जाने वाले पास की तरह, राम दरबार में जाने के इच्छुक लोगों के लिए भी पास उपलब्ध कराए जाएंगे। भगवान राम के शाही स्वरूप राम दरबार और राम जन्मभूमि परिसर के अंदर आठ नवनिर्मित मंदिरों में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा पांच जून को हुई।

# कांग्रेस ने पाकिस्तान को परमाणु संपन्न देश बनने देकर 'ऐतिहासिक भूल' की : हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1980 के दशक में कोई कार्रवाई करने के बजाय पाकिस्तान को परमाणु शक्ति संपन्न देश बनने दिया जो एक ''ऐतिहासिक भूल'' थी। शर्मा ने दावा किया कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई को रोकने के लिए ''परमाणु धमकी'' का इस्तेमाल कर रहा है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''ऐसे समय में जब आज विभिन्न देश परमाणु खतरों को बेअसर करने के लिए निर्णायक रूप से काम कर रहे हैं, 1980 के दशक के दौरान भारत की दुखद निष्क्रियता एक चेतावनी भरी कहानी है कि क्या हो सकता था, और क्या नहीं हुआ।'' उन्होंने कहा कि यह किसी ''अवसर को गंवाने'' जैसा था क्योंकि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पास ठोस खुफिया जानकारी थी, जो कहुटा संयंत्र में पाकिस्तान की यूरेनियम संवर्धन गतिविधियों की पुष्टि करती थी। ''कांग्रेस की ऐतिहासिक भूल : भारत ने पाकिस्तान को परमाणु शक्ति संपन्न देश कैसे बनने दिया'' शीर्षक वाले पोस्ट में शर्मा ने दावा किया कि इजराइल ने कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी से लेकर संयुक्त हमले की योजना तक मदद की पेशकश की थी। उन्होंने कहा कि जामनगर वायुसेना अड्डे को संभावित 'लॉन्चपैड' के रूप में चुना गया था और भारतीय सेना कहुटा पर हवाई हमले के लिए पूरी तरह से तैयार थी।


## प्रधानमंत्री मोदी आज से साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 जून से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, वह कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और साइप्रस तथा क्रोएशिया भी जाएंगे। मंत्रालय ने कहा, यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी, जो द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होगी। मोदी सबसे पहले, साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15-16 जून को साइप्रस जाएंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। बयान में कहा गया कि साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे और लिमासोल में व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे। इसमें कहा गया, यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ बनाने और भूमध्यसागरीय क्षेत्र व यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

## एक्सिओम मिशन अब संभवत: 19 जून को प्रक्षेपित होगा

**नयी दिल्ली :** स्पेसएक्स द्वारा अपने फाल्कन-9 रॉकेट में तरल ऑक्सीजन रिसाव को सफलतापूर्वक ठीक कर लिए जाने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य के अब 19 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने की उम्मीद है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक्सिओम अंतरिक्ष मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन पहले स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट में ईंधन के रिसाव के कारण और फिर आईएसएस के रूसी खंड में रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। इसरो ने कहा, ''एक्सिओम स्पेस ने अब एक्स-04 मिशन के प्रक्षेपण के लिए 19 जून, 2025 का लक्ष्य तय किया है।'' नासा की भूतपूर्व अंतरिक्ष यात्री एवं एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान की निदेशक पैगी व्हिटसन वाणिज्यिक मिशन की कमान संभालेंगी, जबकि शुक्ला पायलट के रूप में काम करेंगे।



## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 जून, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ कृष्णपक्ष चतुर्थी, 15:48 तक, नक्षत्र : श्रावण, 24:50 तक, योग : इंद्र, 12:07 तक, सूर्योदय: 4:52, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 21:49, चन्द्रास्त: 08:11, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 16:38 से 18:22

## साप्ताहिक : राशिफल
## 15-06-25 से 21-06-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** यह सप्ताह आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। इस सप्ताह प्रेमी लोगों की मुश्किलें थोड़ा बढ़ेंगी, इसलिए उन्हें कुछ समय के लिए दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों के लिए यह सप्ताह खुशनुमा रहेगा, क्योंकि वह अपने साथी के साथ आपसी समझदारी से चलेंगे और अपने रिश्ते को बेहतर बनाएंगे। धन के मामले में यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन आप अपने पर्सनल चीजों पर अच्छा खर्च करेंगे। आप किसी नए काम की शुरुआत भी कर सकते हैं।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए मध्य रूप से खलनायक रहने वाला है। बृहस्पति जीवन में चल रहा है, किसी वाद विवाद से आज आपको छुटकारा मिलेगा और आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रसन्न रहेंगे। दोनों एक दूसरे को बेहतर जानेंगे और अपने रिश्ते में प्यार को बढ़ाएंगे। प्रेमी लोग किसी वाद-विवाद के कारण रिश्ते में दूरियां कर सकते हैं। इस सप्ताह यदि आप किसी बड़े निवेश की तैयारी में लगे हैं तो उसके लिए रह सकता अच्छा रहेगा और आपके भविष्य में अच्छा लाभ देगा।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है, इस सप्ताह प्रेम जीवन जी रहे लोगों के उनके समस्याओं से छुटकारा मिलेगा और वह अपने साथी को पूरा समय देंगे। एक दूसरे को जानेंगे और उन्हें कहीं घूमने फिराने लेकर जाएंगे। आपका रिश्ता बेहतर रहेगा। वैवाहिक जीवन में कुछ उतार चढ़ाव आएंगे, लेकिन फिर भी उनका असर उनके रिश्ते पर नहीं पड़ेगा और वह एक दूसरे के करीब रहेंगे और अपनी गृहस्थी को बेहतर चलाएंगे। आप अपने धन को इस सप्ताह कुछ योजनाओं में लगाएंगे और आप किसी दूसरे बिजनेस की भी शुरुआत करने की सोच सकते हैं।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह के लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहेगा। प्रेम में पड़े लोगो की मुश्किल है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं को दूर करने के लिए आपको आज अपने कुछ वरिष्ठ सदस्यों की मदद लेनी पड़ सकती है, लेकिन आप समय रहते अपने जीवन को संभाल ले नहीं तो रिश्ता में टूटने की संभावना है। धन के मामले में आपको सावधान रहना होगा। इसलिए आप किसी से कोई लेंगे आज लिखा पढ़ी करके करेंगे तो आपके लिए अच्छा रहेगा। विद्यार्थियों की अपनी पढ़ाई-लिखाई में पूरी मेहनत करेंगे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में इस सप्ताह खुशियां रहेगी। क्योंकि आप अपने साथी को पूरा समय देंगे और उनके लिए कोई गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों में आज आपसी समझदारी के कारण अपने रिश्ते में चल रही समस्याओं को दूर करेंगे और एक दूसरे के साथ कहीं जाने के प्लानिंग भी कर सकते हैं। धन के मामले में खुशियां मिलेंगी क्योंकि आप अपने सुख सुविधाओं पर पूरा ध्यान देंगे। आप समय रहते डॉक्टर परामर्श लेंगे तो वह आसानी से दूर हो जाएंगे।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह आपके लिए उतार चढ़ाव वाला रहेगा। तनाव आपके रिश्ते में जगह ले सकता है। प्रेम में पड़े लोगों को किसी पुराने साथी के चलते समस्याएं बढ़ेंगी और वैवाहिक जीवन में जी रहे लोगों के लिए सप्ताह अच्छा साबित होगा क्योंकि दोनों के आपसी समझदारी से रिश्ता बेहतर होगा। संतान को लेकर भी यदि कोई समस्या होगी तो आप उसे मिल बैठकर सुलझाएंगे। धन के मामले में आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें और किसी को धन उधार बहुत ही सोच विचार कर दें।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए तनाव को लेकर मिला-जुला रहेगा। प्रेम में पड़े लोगों के लिए यह सप्ताह आपसी लड़ाई-झगड़े के कारण तनाव को बढ़ाएगा, लेकिन फिर भी आप अपने रिश्ते को बचाने की पूरी कोशिश करेंगे। विवाह जातकों के जीवन में कुछ पुरानी पारिवारिक समस्याओं को लेकर लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे। जो उनके रिश्ते में लगाओ को लेकर आ सकते हैं। इसलिए इस समय में आप किसी भी लड़ाई झगड़े को ना बढ़ाएं। धन को लेकर भी आपको सावधान रहने की आवश्यकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपने जीवनसाथी कि यदि तलाश थी तो वह आपको मिल सकते हैं और आपके विवाह के बाद भी पक्की हो सकती है। लेकिन आपको अपने पुराने प्यार की भी इस सप्ताह वापस लौटने की संभावना है। आप इस सप्ताह कंफ्यूजन में रहेंगे। आपको साथी को भावना का सम्मान करना होगा। आपको अपनी इनकम को ध्यान में रखकर काम करना होगा। आप निवेश की प्लानिंग कर सकते हैं।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ कमजोर रहने वाला है। प्रेम जीवन में पड़े लोगों को अपने रिश्ते में किसी पुराने साथी के आने की संभावना है, जो उनके रिश्ते में समस्याओं को बढ़ाएंगे। आपको अपने परिवार के सदस्यों से भी पूरा सपोर्ट मिलेगा। इस सप्ताह धन की स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के सदस्यों की जरूरत को भी आप आसानी से पूरा करेंगे और संतान के करियर को लेकर आप भविष्य की कोई प्लानिंग में भी निवेश कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोग अपने कामों से वाहवाही लूटेंगे।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। आपकी इस सप्ताह इच्छा पूरी होगी। पति-पत्नी एक दूसरे को समय देंगे और रिश्ते में चल रही कमियों को दूर करेंगे। परिवार के सदस्य भी आपसे प्रसन्न रहेंगे। आप यदि अपने धन संबंधित समस्याओं को लेकर परेशान चल रहे हैं, तो उनके भी दूर होने की संभावना है। आप कोई लोन आदि के लिए अप्लाई करेंगे तो वह भी इस समय में आपको आसानी से मिल जाएगा। आप अपने आए के स्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से खलनायक रहने वाला है। समस्याओं से छुटकारा मिलेगा और परिवार के सदस्य भी अहमियत देंगे। आपके रिश्ते भी अच्छे रहेंगे। जो लोग प्रेम जीवन जी रहे हैं उनकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। इस सप्ताह आपको खर्चो के साथ-साथ सेविंग पर भी ध्यान रखना होगा। आप आप अपनी जरूरत को पर बिना सोचे समझे खर्च करेंगे, जिससे आपको धन की कमी का सामना तो करना पड़ेगा। व्यवसाय कर रहे लोग इस सप्ताह अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए मिलेजुले परिणाम लेकर आएगा। आप इस सप्ताह अपने साथी से दिल से जुड़े रहेंगे और दोनों एक दूसरे की करे करेंगे। आपको एक दूसरे का साथ खूब पसंद आएगा। खर्चो के हिसाव से यह सप्ताह थोड़ा कमजोर रहेगा, क्योंकि आप आज कुछ बेफिजूल के खर्चों में भी पड़ सकते हैं। आपको किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना अच्छा रहेगा और आप यदि कुछ खरीदने की इच्छा रखते हैं, तो वह भी आपके लिए अच्छी रहेगी। व्यवसाय से जुड़े लोगों को इस सप्ताह लाभ तो होगा, लेकिन वह उन्हें थोड़ा मेहनत के बाद ही होगा।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दुनिया भारत के साथ: रविशंकर प्रसाद



**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में उन्होंने जिन यूरोपीय देशों का दौरा किया, उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत को पूरा समर्थन दिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले प्रसाद ने कहा कि आतंकवाद एक कैंसर की तरह है, जो पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से कहा, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ किसी तरह की कोई नरमी नहीं बरतने के भारत के संदेश को पहुंचाने के लिए यूरोपीय देशों का दौरा किया। पूरी दुनिया ने एक स्वर में बात की और 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा की, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई। पूरी दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने जिन देशों का दौरा किया, उनमें ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, डेनमार्क और जर्मनी शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमने 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के नेताओं से मुलाकात की और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आतंकवाद स्वीकार्य नहीं है तथा हम इसकी निंदा करते हैं। हमने उन्हें यह भी बताया कि हम पाकिस्तान के नागरिकों के खिलाफ नहीं हैं लेकिन उनके साथ समस्या यह है कि सेना के जनरल देश चलाते हैं। ये जनरल अपने नापाक कार्यों को अंजाम देने के लिए आतंकवादियों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, ये पाकिस्तानी जनरल न तो जनता द्वारा चुने गए हैं और न ही वे अपने देश के लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। हमने दुनिया को बताया कि चाहे वह लंदन मेट्रो हमला हो, 11 सितंबर का हमला हो या बेल्जियम, जर्मनी और फ्रांस में हमले हों, सभी के तार पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों से जुड़े हैं।

### भाजपा ने लालू प्रसाद पर आंबेडकर का अपमान करने का लगाया आरोप

**पटना :** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद पर आरोप लगाया कि उन्होंने बाबा साहब आंबेडकर का चित्र अपने पैरों के पास रखवाकर उनका अपमान किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने यहां प्रेसवार्ता में इस घटना का एक वीडियो क्लिप भी दिखाया। यह घटना तब की है जब पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद इस सप्ताह के प्रारंभ में अपना 78वां जन्मदिन मना रहे थे। वीडियो में नजर आ रहा है कि बीमार नेता लालू प्रसाद एक सोफे पर बैठे हैं और उन्होंने पैर पास के सोफे पर रखे हुए हैं। एक समर्थक आंबेडकर की तस्वीर लेकर कमरे में प्रवेश करता है और अभिवादन करने से पहले उसे राजद प्रमुख के पैरों के पास रख देता है।

# सपा सरकार आने पर कन्नौज में सम्राट हर्षवर्धन की सोने की प्रतिमा लगायी जायेगी : अखिलेश यादव




**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि राज्य में सपा सरकार आने पर कन्नौज के सम्राट हर्षवर्धन की सोने की प्रतिमा लगायी जायेगी। कन्नौज के पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव के निधन पर फर्रुखाबाद स्थित उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करने और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देने के बाद वापस लौटते समय अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा, राज्य में सपा सरकार आने पर कन्नौज के सम्राट हर्षवर्धन की सोने की प्रतिमा लगायी जायेगी। सम्राट हर्षवर्धन प्राचीन भारत में एक राजा थे, जिन्होंने 606 ई से 647 ई तक राज किया और उनकी राजधानी उत्तर प्रदेश के कन्नौज में थी। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव फर्रुखाबाद से वापस जाते समय कन्नौज में सपा कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पत्रकारों से वार्ता की। अखिलेश यादव ने यहां कहा,पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव का निधन सपा के लिए बड़ी क्षति है। कन्नौज के विकास में छोटे सिंह यादव का बड़ा योगदान रहा, उनकी कमी हमेशा रहेगी। अखिलेश यादव ने कहा, जो रास्ता उन्होंने दिखाया, उसी रास्ते पर चलकर हम समाजवादी विरासत को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। अखि-लेश यादव ने एक्स पर लिखा, आज मैंने फर्रुखाबाद में सहकारिता आंदोलन के पुरोधा, समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक स्व. छोटे सिंह यादव जी के निधन उपरांत उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं परिजनों से भेंट कर संवेदना प्रकट की।

### राजस्थान: रिश्वतखोरी के आरोप में पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान के राजसमंद में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी को परिवादी से 25 हजार रुपए रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि रिश्वत लेने को लेकर केलवाडा थाने के सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) आनन्द सिंह रावत को गिरफ्तार किया गया है। परिवादी ने शिकायत की थी कि रावत द्वारा उसके पुत्र के विरूद्ध दर्ज प्रकरण में उसके साथ मारपीट नहीं करने, परिवादी की पत्नी को प्रकरण में आरोपी नहीं बनाने एवं प्रकरण में मदद करने की एवज में 30,000 रुपये रिश्वत मांग रहा है। ब्यूरो की टीम ने शिकायत का सत्यापन कर शनिवार को आरोपी एएसआई को रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### गोरखपुर में मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले के बेलघाट थाना क्षेत्र में तीन लोगों ने मानसिक रूप से विक्षिप्त 55 वर्षीय एक महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (अपराध) सुधीर जायसवाल ने शनिवार को बताया,''बुधवार रात आरोपी--सोनू उर्फ गप्पा, मोहम्मद रजा उर्फ बबलू और शफीक खान उर्फ गोलू कथित तौर पर महिला को खींचकर एक सुनसान जगह पर ले गये और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।'' मदद के लिए पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर आस-पास की महिलाएं मौके पर पहुंचीं, जिससे आरोपी भाग गए।

### बदायूं में मामी अपने भांजे के साथ फरार, मामला दर्ज कर पुलिस कर रही तलाश

**बदायूं (उप्र) :** बदायूं जिले के उघैती थाना क्षेत्र में कथित तौर पर एक युवक अपनी मामी को लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि महिला के पति की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता गुलबहार ने आरोप लगाया कि उसका भांजा अफ़ज़ाल (22) उसकी पत्नी और अपनी सगी मामी खुशनुमा (30) को ही लेकर फरार हो गया है। महिला कथित तौर पर अपने साथ 30,000 रुपये नकद और गहने भी ले गयी है। पुलिस के मुताबिक गुलबहार अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए दिल्ली में मजदूरी करता है, उसे गांव लौटने पर स्थिति का पता चला।

# झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में मिल रही बड़ी सफलता: मुख्यमंत्री सोरेन



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि राज्य और इसके सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें महत्वपूर्ण सफलताएं मिल रही है। सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार सुबह ओडिशा-झारखंड सीमा पर नक्सल रोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में जान गंवाने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 134वीं बटालियन के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) सत्यभान कुमार सिंह (34) के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। रांची में सीआरपीएफ की 133 बटालियन के मुख्यालय में दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सोरेन ने पत्रकारों से कहा, यह घटना बेहद दुखद है। हम इस दुख की घड़ी में जवान के परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा, पिछले कई वर्षों से झारखंड और इसके सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाए गए हैं और महत्वपूर्ण सफलताएं भी मिली हैं। गंगवार ने भी घटना पर दुख जताया और इसे दर्दनाक बताया। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष तक देश में नक्सलवाद को खत्म करने के प्रयास किए जा रहे हैं और इसके लिए बल सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले सीआरपीएफ अधिकारी उस टीम का हिस्सा थे, जो 27 मई को पत्थर की खदान से नक्सलियों द्वारा लूटे गए विस्फोटकों की तलाश में अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित सारंडा वन में तलाश अभियान चला रही थी। पुलिस के मुताबिक, ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के बलांग गांव के पास सुबह करीब छह बजे एक आईईडी में विस्फोट होने से सिंह के बाएं पैर में चोट लग गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सिंह को राउरकेला के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# काशी विश्वनाथ मंदिर के रेड जोन' में तेज प्रताप यादव का वीडियो सामने आने के बाद जांच के आदेश



**वाराणसी (उप्र) :** काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने सोशल मीडिया पर बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव का एक वीडियो वायरल होने के बाद जांच के आदेश दिये हैं। यह वीडियो कथित तौर पर मंदिर के प्रतिबंधित 'रेड जोन' में बनाया गया है। व्यवस्था से जुड़े लोगों के अनुसार 'रेड जोन' का मतलब काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के भीतर का क्षेत्र है, जिसमें मंदिर परिसर भी शामिल है। 'रेड जोन' में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि यादव को काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के अंदर दिखाने वाला उक्त वीडियो बृहस्पतिवार से सोशल मीडिया पर नजर आ रहा है। यह वीडियो यादव का बताया जा रहा है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने कहा कि मंदिर प्रशासन को हाल में सोशल मीडिया और विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से एक राजनीतिक व्यक्ति द्वारा बनाये गये वीडियो के बारे में पता चला। मंदिर प्रशासन सीआरपीएफ और पुलिस विभाग के साथ मिलकर अपनी सुरक्षा जिम्मेदारियों को पूरा करता है।

## बिहार में 18 आईपीएस अधिकारियों का तबादला, कार्तिकेय शर्मा पटना के नये एसएसपी नियुक्त

**पटना :** बिहार सरकार ने शनिवार को अपने आईपीएस कैडर में बड़ा फेरबदल करते हुए 18 अधिकारियों को स्थानांतरित कर दिया और उन्हें नयी पदस्थापना दी। इसमें पटना के नये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और कई जिला पुलिस प्रमुखों की तैनाती भी शामिल है। राज्य के गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, पटना के एसएसपी अवकाश कुमार (2012 बैच के अधिकारी) अब बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के कमांडेंट का पदभार संभालेंगे। कुमार की जगह कार्तिकेय के. शर्मा (2014 बैच के अधिकारी) लेंगे, जो अब तक पूर्णिया जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) थे। दीक्षा (2021 बैच की अधिकारी) को सिटी एसपी (पटना-मध्य) नियुक्त किया गया, जबकि परिचय कुमार (2021 बैच के अधिकारी) को सिटी एसपी (पटना-पूर्व) बनाया गया। भानु प्रताप सिंह (2021 बैच के अधिकारी) को सिटी एसपी (पटना-पश्चिम) नियुक्त किया गया।

# अमित शाह रविवार को 60,244 सिपाही पुलिस भर्ती के नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण समारोह में शामिल होंगे

**लखनऊ :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को लखनऊ आयेंगे और 60,244 सिपाही पुलिस भर्ती के नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण समारोह में शामिल होंगे। शनिवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार रविवार को पुलिस विभाग की सबसे बड़ी (60,244) आरक्षी (सिपाही) नागरिक पुलिस सीधी भर्ती का नियुक्ति पत्र वितरित करेगी। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह आरक्षी पुलिस नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। बयान में दावा किया गया है कि योगी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार पुलिस विभाग में इतने बड़े पैमाने पर आरक्षी सिपाही भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया गया। इतना ही नहीं सरकार सकुशल भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराने के साथ हाईटेक ट्रेनिंग देने के साथ रिकार्ड समय में 'ज्वाइनिंग' देकर नया कीर्तिमान रचने जा रही है। आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 के तहत 48,196 पुरुष और 12,048 महिला अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित की गई। इस परीक्षा के लिए कुल 48.17 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 15.49 लाख महिलाएं थीं।

# अयोध्या की सुरक्षा-व्यवस्था को और पुख्ता बनाने के लिए लगाये जायेंगे 1000 सीसीटीवी कैमरे




**अयोध्या :** भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या की सुरक्षा-व्यवस्था को और पुख्ता बनाने के लिए एक हज़ार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में रामनगरी अयोध्या को स्मार्ट और सुरक्षित शहर बनाने की दिशा में एक महत्व-पूर्ण कदम उठाया गया है। अयोध्या नगर निगम ने सरकार की 'स्मार्ट सिटी' पहल के तहत एक महत्वाकांक्षी 'मास्टर प्लान' तैयार किया है, जिसके अंतर्गत 'इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर (आईसीसीसी)' स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 56 करोड़ रुपये की लागत से अयोध्या और फैजाबाद में 1000 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। बयान के अनुसार राज्य सरकार के नियोजन विभाग ने इस योजना को मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। पुलिस विभाग के सहयोग से अयोध्या के संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर ये कैमरे लगाये जाएंगे, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। राज्य सरकार की इस पहल के तहत सिविल लाइन्स में नगर निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के संयुक्त कार्यालय में एक अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष बनाया जाएगा, जहां से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। यह नियंत्रण कक्ष न केवल सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि शहर की विभिन्न समस्याओं जैसे जलभराव, खराब 'स्ट्रीट लाइट्स' और पेयजल संकट की त्वरित निगरानी और समाधान में भी सहायक होगा। बयान के अनुसार अयोध्या में पहले से ही 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' के तहत 1300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे को अमानीगंज स्थित जलकल कार्यालय में 'आईटीएमएस' से जोड़ा जा चुका है।

# झारखंड में 1.5 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ व 44.57 लाख नकद जब्त, दो गिरफ्तार



**चतरा :** झारखंड के चतरा जिले में पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से लगभग 1.5 करोड़ रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर और अफीम जब्त किया है। पुलिस ने यह जानकारी शनिवार को दी। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को शुक्रवार को पत्थलगड्डा और राजपुर थाना क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों से छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया। चतरा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के मुख्य आरोपी रोशन डांगी को पत्थ-लगड्डा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया, उसकी पहचान पर पुलिस ने राजपुर थाना क्षेत्र के बुधिगरा गांव में डांगी की रिश्तेदार रूबी देवी के घर पर छापा मारा और 287 ग्राम ब्राउन शुगर और 11.17 किलोग्राम अफीम बरामद की, जिसकी कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये है। अग्रवाल ने बताया कि रूबी देवी के घर से 44 लाख 57 हजार 350 रुपये नकद भी एक बोरे में रखे मिले।

## वर्ग पहेली नं. 3123



**बायें से दायें:-** 1) धनापहरण, 3) बिना डरे, 5) लक्ष्मीवाहन, 6) उपयोगशुल्क, 7) नाव चलाने का बल्ला, 9) निस्पृह; अनिच्छ, 12) एक नदी, 14) बराबरी; मिलान; उपमा, 16) उपदेश, 18) तत्काल, 20) ईश्वरीय संकट; अत्याचार, 22) गंदे जल के बहने का मार्ग, 23) बाँस की पतली छड़ी, 25) सहारा *(बूढ़े का)*; बड़ा और मोटा डंडा, 27) पर्याप्त, 28) मुँहज़बानी; कंठगत, 29) मुश्किल; जटिल, 30) एक पक्षी.

**ऊपर से नीचे:-** 2) अत्यंत; अत्यधिक, 3) नौकासमूह, 4) खड़े अनाज के पौधे, 5) जोशीला; उमंगपूर्ण; हौंसलेबाज़, 6) एक देश, 7) लेकिन, 8) आसक्ति, 9) लज्जा, 10) शेरदिल, 11) मुक्ति; छुट-कारा, 13) परिवेष्टित करना, 15) स्वादिष्ट, 16) अभिनेता, 17) नाई, 19) भागना, 20) देशद्रोही, 21) आफ़त, 23) श्रम, 24) चीखपुकार, 26) न इधर न उधर; हाँ; सही.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3080

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | | | | |
| 2 | | | | | | 3 | | |
| 4 | | | | 9 | | 5 | | 8 |
| | | | 7 | 1 | | | | |
| 8 | 9 | 4 | | | | | | 2 |
| 5 | | | | 4 | 9 | | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | 4 | | 3 | |
| 9 | | | | | | 4 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3079 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 7 | 4 | 8 | 9 | 3 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 |

# एअर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान के इंजन में अहम समय में ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई थी : अरूप राहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल अरूप राहा (सेवानिवृत्त) ने शनिवार को दावा किया कि 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान के इंजन में निश्चित रूप से महत्वपूर्ण चरण में ऊर्जा बाधित हो गई थी और उसे ठीक करने का कोई समय नहीं था। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के पीछे कई अन्य कारण भी हो सकते हैं, जैसे ईंधन में मिलावट, तथा सॉफ्टवेयर और नियंत्रण प्रणालियों में गड़बड़ी। राहा ने कुछ लोगों द्वारा जताई गई तोड़फोड़ की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि सभी तरह की अटकलों से बचना चाहिए और नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जांच पूरी होने तक इंतजार किया जाना चाहिए। पूर्व वायुसेना प्रमुख ने रक्षा क्षेत्र में एमएसएमई की भूमिका पर आईसीसी के एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि यह बहुत दुखद और हृदय विदारक है। इतने सारे लोग एक साथ मारे गए। अभी यह कहना बहुत मुश्किल है कि क्या गलत हुआ है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से ऊर्जा में कमी आई और एक महत्वपूर्ण चरण में... आप जमीन से हवा में उड़ रहे हैं, आपकी ऊंचाई कम है। संभलने का कोई समय नहीं था। और इंजन की शक्ति में कमी के परिणामस्वरूप विमान रुक जाएगा... (विमान) फिर बहुत तेजी से नीचे गिरेगा और दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा। और यही हुआ था। वायुसेना के पूर्व अधिकारी ने कहा कि बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के इंजन 'धकेलते' हैं और एक साथ दोनों इंजनों की ऊर्जा बाधित होना बहुत दुर्लभ है – शायद एक अरब मामलों में एक। राहा ने कहा कि यह कहना कठिन है कि कहां गलती हुई। उन्होंने अन्य संभावनाओं के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि जब तक डीजीसीए और सरकार की अन्य एजेंसियां जांच पूरी नहीं कर लेतीं, हमें कोई बेबुनियाद दावा नहीं करना चाहिए। राहा ने जमीन पर काम करने वाले कर्मियों की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें विमान द्वारा उठाए गए वजन का प्रमाण पत्र देना होता है। राहा ने कहा कि उनकी अपनी ही कंपनी के व्हिसलब्लोअर द्वारा शिकायतें की गई थीं। मुझे लगता है कि उनकी जांच होनी चाहिए।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारतीय सशस्त्र बलों की अभियानगत क्षमता का प्रदर्शन किया : राहा




वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) अरूप राहा ने शनिवार को कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए किये गये 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारतीय सशस्त्र बलों की वास्तविक अभियानगत क्षमता को प्रदर्शित किया है। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में एमएसएमई की भूमिका पर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश की उन जबरदस्त क्षमताओं को प्रदर्शित किया है, जो उसने पिछले कुछ वर्षों में हासिल की हैं। राहा ने कहा कि भारत ने एक जबरदस्त उपलब्धि हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष अनुसंधान में दुनिया का अग्रणी संगठन बन गया है। चंद्रमा से लेकर सूर्य मिशन तक, इसरो एक के बाद एक लक्ष्य निर्धारित कर रहा है। इसरो के मार्गदर्शन में, हमने एक शक्तिशाली रॉकेट प्रणाली विकसित की है। हमारे उपग्रहों का उपयोग अन्य देशों द्वारा किया जाता है, जो आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हैं। इसरो विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षा अभियानों को मजबूत करने के लिए इसरो द्वारा उपग्रहों को भी कक्षा में स्थापित किया गया है। राहा ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीमाओं की निगरानी, सीमाओं पर नजर रखने और सीमा पार लक्ष्यों पर सटीक कार्रवाई के लिए उपग्रहों से प्राप्त कमांड और नियंत्रण डेटा का कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से प्रोसेस किया गया। राहा ने अपने संबोधन में कहा कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित मिसाइलें अंतरिक्ष में होते हुए ध्वनि की गति से 5 से 10 गुना अधिक गति से दुश्मन को निशाना बनाने में सक्षम हैं। राहा ने हालांकि, कहा कि एक समस्या यह है कि भारत जेट प्रणोदन इंजन बनाने में उतना बेहतर नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अमेरिकियों से इंजन खरीद रहे हैंयह निर्भरता अच्छी नहीं है। हम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का आयात करके अपनी सामरिक स्वायत्तता खो रहे हैं, जिस पर बहुत अधिक खर्च आता है। पूर्व वायु सेनाध्यक्ष ने कहा कि देश को अगले 10 वर्षों में रोजगार सृजन और निर्यात राजस्व के संदर्भ में इस बारे में सोचने की जरूरत है। राहा ने एक रक्षा कॉरिडोर स्थापित करने और पूर्वी क्षेत्र की सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को देश के अन्य रक्षा केंद्रों से जोड़ने की वकालत की।

## महेशतला के हिंसा प्रभावितों के मदद के लिए आगे आये सांसद अभिषेक बनर्जी



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के महेशतला नगरपालिका के रवींद्र नगर थाना इलाके में हुई हिंसा की घटना को लेकर बंगाल में सियासत गर्म है। उक्त घटना के कई दिन बाद स्थानीय डायमंड हार्बर के तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी पीड़ितों के लिए आगे आये हैं। डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता करें। पार्टी सूत्रों ने दावा किया है कि अभिषेक बनर्जी के निर्देश के बाद तृणमूल के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं और पीड़ितों के घर जाकर उन्हें जरूरी राहत मुहैया करा रहे हैं। पार्टी से जुड़े लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब अभिषेक बनर्जी आपदा या संकट की घड़ी में लोगों के साथ खड़े हुए हैं। डायमंड हार्बर की जनता ने उन्हें लगातार तीन बार संसद में भेजा है और उन्होंने भी विपरीत परिस्थितियों में क्षेत्र के लोगों का भरोसा बनाए रखा है। रवींद्र नगर की इस घटना में भी उनका रुख साफ है कि पीड़ितों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

## महेशतला हिंसा के बाद रवींद्र नगर थाने के आईसी और एसडीपीओ का तबादला




**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के महेशतला नगरपालिका के रवींद्र नगर थाना इलाके में हुई हिंसा की घटना के बार नये सिरे से गड़बड़ी की खबर नहीं है। दुकान पाट भी खुले रहे है और जन जीवन पटरी पर लौट आई है। शुक्रवार की रात जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, रवींद्र नगर थाने के इंस्पेक्टर इंचार्ज (आईसी) मुकुल मियां का तबादला दार्जिलिंग कर दिया गया है। उनकी जगह अब मालदह के रतुआ क्षेत्र में तैनात सर्कल इंस्पेक्टर सुजन कुमार राय को रवींद्र नगर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, अधिकारी तौर पर इस बात की जानकारी नहीं दी गई है कि आईसी का तबादला हिंसा की घटना को लेकर की गई है। इसी तरह एसडीपीओ (महेशतला) कमरुज्जमां मोल्ला को हटाकर उन्हें स्टेट आर्म्ड पुलिस (एसएपी) की तीसरी बटालियन में असिस्टेंट कमांडेंट नियुक्त किया गया है। उनकी जगह अब राजारहाट थाने के पूर्व आईसी सैयद रेज़ाउल कबीर को महेशतला का नया एसडीपीओ बनाया गया है। हालांकि, आधिकारिक सूत्रों का दावा है कि यह तबादला एक नियमित प्रक्रिया के तहत किया गया है, लेकिन हालात और समय को देखते हुए इसे कार्रवाई के तौर पर भी देखा जा रहा है।

### कालीगंज उपचुनाव में चुनाव आयोग ने 2026 के चुनावों के लिए सुरक्षा अभ्यास की योजना बनाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले चुनाव आयोग नदिया के कालीगंज विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव से पहले सुरक्षा निगरानी अभ्यास करने की तैयारी कर रहा है। यह पहली बार है जब उपचुनाव में बूथों के अंदर ही नहीं बल्कि बाहर भी लाइव स्ट्रीमिंग या वेबकास्टिंग की सुविधा होगी। यह निगरानी व्यवस्था कालीगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी 309 बूथों पर लागू होगी। इस लाइव स्ट्रीमिंग में मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के लिए तैनात क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) और फ्लाइंग स्क्वॉड की गतिविधियों को भी शामिल किया जाएगा। अब तक चुनाव आयोग चुनावी वेबकास्टिंग की मदद से बूथों के अंदर की गतिविधियों पर नजर रखता था। इस बार, बूथ के बाहर सौ मीटर के अंदर वोटिंग कतार में क्या हो रहा है, यह देखा जाएगा। इसके अलावा, ऐसी शिकायतें भी आ रही हैं कि मतदान के दिन अशांति से निपटने के लिए क्यूआरटी और फ्लाइंग स्क्वॉड समय पर मतदान केंद्रों पर नहीं पहुंचते हैं, खासकर ग्रामीण इलाकों में। इस बार, चुनाव आयोग लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए सीधे उनकी गतिविधियों पर भी नजर रखेगा। चुनाव से कुछ दिन पहले मतदान केंद्रों पर नाका चेकिंग शुरू की गई थी, ताकि अवैध हथियार, नकदी, शराब और अन्य अवैध सामान लेकर आने वाले बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगाई जा सके। आयोग ने उस काम की निगरानी के लिए लाइव स्ट्रीमिंग की भी व्यवस्था की है।

# दमदम के पब में मैनेजर को मारी गोली, एक गिरफ्तार

### देर रात शराब पीने को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने मारी गोली



**कोलकाता, समाज्ञा :** कुछ युवकों ने एक पब में उसके मैनेजर को गोली मार दी। उक्त घटना से हड़कंप मच गया। घटना दमदम इलाके में शुक्रवार की देर रात घटी। जहां उक्त पब के भीतर शराब पीने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। झगड़े के दौरान कुछ युवकों ने पब मैनेजर रुद्र को गोली मार दी। घायल व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना दमदम के माठकल इलाके की एक पब में हुई। शुक्रवार की रात लगभग 1 बजे तीन युवक पब में पहुंचे। वहां शराब पीने को लेकर उनका एक कर्मचारी से विवाद हो गया। देखते ही देखते बहस बढ़ गई और आरोप है कि एक बदमाश बिट्टू दास के साथ आये युवकों ने बंदूक निकाल कर कर्मचारियों को डराना शुरू कर दिया। इसी दौरान पब के मैनेजर पिंटू रुद्र वहां पहुंचे। उन पर सीधे गोली चला दी गई। जानकारी के मुताबिक, हमलावरों ने तीन राउंड फायरिंग की, जिससे पिंटू रुद्र गंभीर रूप से घायल हो गए और वहीं गिर पड़े। हमले के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल मैनेजर को तुरंत आरजीकर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में बिटू के एक साथी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात की इस गोलीबारी से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। दमदम थाने की पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में यह आपसी विवाद का मामला लग रहा है, लेकिन सभी एंगल से छानबीन की जा रही है। घायल पब मैनेजर का इलाज फिलहाल चल रहा है और उनका बयान दर्ज होने का इंतज़ार किया जा रहा है।

### एनसीबीसी ने बंगाल सरकार से ओबीसी सूची पर मांगा ब्योरा

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार से राज्य ओबीसी सूची की अधिसूचना से संबंधित सिफारिशों और सर्वेक्षण को साझा करने को कहा है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने कहा कि जब पहले की ओबीसी सूची तैयार की गई थी, तब आयोग द्वारा मांगी गई जानकारी राज्य सरकार ने साझा नहीं की थी। बाद में, उस सूची को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि हमने उन्हें पुनः पत्र लिखा है। एनबीसीसी के पत्र में कहा गया है कि विस्तृत सर्वेक्षण के आधार पर 27 मई और तीन जून की अधिसूचनाओं के माध्यम से कई जातियों को उप-वर्गीकृत और पश्चिम बंगाल की राज्य ओबीसी सूची में अधिसूचित किया गया है। आयोग ने पश्चिम बंगाल राज्य आयोग की सिफारिशों के साथ-साथ सम्पूर्ण सर्वेक्षण रिपोर्ट और सभी सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है। इसमें कहा गया है कि यह जानकारी तीन कार्य दिवसों के भीतर उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

**निविदा सूचना सं.: KIR/ENGG./38 OF 2025; दिनांक: 06-06-2025 के विरूद्ध शुद्धि-पत्र-01**

कृपया प्रशासनिक आधार पर एनआईटी के अधीन उपरोक्त निविदा संख्या 1, 2 और 3 की **बंद और खोलने** की संशोधित तिथि पढें। विवरण नीचे दिये गये हैं।

| मौजूदा तिथि एवं समय | | संशोधित तिथि एवं समय | |
|---|---|---|---|
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
| 04-07-2025 को 15:00 बजे | 04-07-2025 को 15:30 बजे | **08-07-2025 को 15:00 बजे** | **08-07-2025 को 15:30 बजे** |

उपरोक्त निविदा की अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत हैं।
मंडल रेलवे प्रबंधक ( कार्य ), कटिहार
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 'एक दूसरे के क्षेत्र में न करें अतिक्रमण', अनुब्रत व काजल को पार्टी का सख्त संदेश

❑ **तृणमूल के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने दोनों को साथ बैठाकर दी सख्त हिदायत**



**कोलकाता, समाज्ञा :** 21 जुलाई को होने वाली तृणमूल कांग्रेस की वार्षिक शहीद दिवस रैली की तैयारी को लेकर शनिवार को कोलकाता में हुई बैठक से ठीक पहले पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने बीरभूम जिले के वरिष्ठ पार्टी नेता अनुब्रत मंडल और काजल शेख के साथ अलग से बैठक की। 21 जुलाई की तैयारी बैठक से पहले उन्होंने दोनों को साथ बैठाकर बात की। इस दौरान मंत्री अरूप विश्वास और मंत्री फिरहाद हकीम भी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक, एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाले अनुब्रत मंडल और काजल शेख को पार्टी ने सख्त भाषा में फटकार लगाई और स्पष्ट संदेश दिया। बख्शी ने कहा कि अगर अनुब्रत और काजल के बीच निजी टकराव से पार्टी को कोई नुकसान हुआ तो इसका नतीजा अच्छा नहीं होगा। दोनों को पार्टी के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। बख्शी ने यह भी सख्त हिदायत दी कि अनुब्रत और काजल दोनों में से कोई भी एक-दूसरे के क्षेत्र में अतिक्रमण करने न जाएं। दोनों को टकराव कम करने का संदेश दिया गया है। बता दें कि इस दिन, बैठक शुरू होने से कई घंटे पहले ही दोनों नेता भवानीपुर पहुंच गए थे। बख्शी ने उन्हें अलग-अलग बुलाया। तृणमूल सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश अध्यक्ष ने अनुब्रत और काजल से कई मिनट तक अकेले में बात की। बख्शी ने कहा कि उनके आपसी विवाद से पार्टी को किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होना चाहिए। अगर इस विवाद का असर बीरभूम के संगठन या चुनाव नतीजों पर पड़ता है तो दोनों को पार्टी के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। बैठक के बारे में दोनों को मीडिया में कुछ बोलने से भी मना किया गया है। बख्शी ने दोनों को सख्त लहजे में कहा कि दोनों में से कोई भी एक दूसरे के इलाके पर कब्जा करने की कोशिश न करे। बीरभूम में शांति बनी रहे। बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अनुब्रत और काजल के बीच सारे विवाद सुलझ गए हैं।

### फाइव स्टार होटल के नाइट क्लब में झड़प, दंपति पर हमला कर फरार हुए बदमाश

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता के एक फाइव स्टार होटल के नाइट क्लब में शनिवार की भोर में अचानक हुई हिंसक झड़प में एक दंपति पर हमला करने का आरोप सामने आया है। उत्तर कोलकाता के बागुईआटी इलाके के रहने वाले इस दंपति ने खिदिरपुर इलाके के कुछ युवकों और होटल के कुछ कर्मचारियों पर मारपीट और बदसलूकी का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना शुक्रवार की देर रात से शनिवार की भोर तक चली। नाइट क्लब में नशा और डांस पार्टी चल रही थी। दंपति का आरोप है कि रात करीब साढ़े तीन बजे खिदिरपुर के कुछ युवक उन पर अभद्र टिप्पणी करने लगे। जब दंपति ने इसका विरोध किया, तब दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि उन युवकों ने दंपति के साथ मारपीट शुरू कर दी और होटल के कुछ कर्मचारी भी इस हमले में शामिल हो गए।

# मुचीपाड़ा में वृद्धा की हत्या मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### पुराने फर्नीचर के बहाने घर में घुसा हत्यारा, 'गेट पैंटर्न' तकनीक से सिर्फ तीन दिन में गिरफ्तारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के मुचीपाड़ा इलाके में एक वृद्धा की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने सिर्फ तीन दिनों में मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। लालबाजार की विशेष शाखा ने 'गेट पैटर्न' यानी संदिग्ध की चाल-ढाल और हावभाव की बारीकी से जांच कर मयमुर अली गाजी (53) को पकड़ने में सफलता पाई है। वह दक्षिण 24 परगना के मगराहाट का निवासी है और पुराना फर्नीचर खरीदने-बेचने का काम करता था। जांच में पता चला है कि मृत वृद्धा अपने घर में अकेली रहती थीं और बीते कुछ दिनों से कीमती पुराने फर्नीचर बेचने की कोशिश कर रही थीं। इसी का लाभ उठाकर मयमुर गत 11 जून की सुबह करीब 9 बजे उनके घर पहुंचा। दरवाजा खुलवाकर वह फर्नीचर देखने के बहाने घर में दाखिल हुआ और गले में पड़ा गमछा निकालकर महिला का गला घोंट दिया। फिर उनके कान की बालियां, हार, अंगूठी और हाथ की चूड़ियां लूट लीं। अलमारी में रखे कुछ नकद रुपये भी उसने चुरा लिए। पूरी वारदात को अंजाम देने में उसे महज पांच मिनट लगे। जाते समय उसने घर के बाहर से ताला लगाकर खुद को छिपाने की कोशिश की और सीसीटीवी में पहचान से बचने के लिए सिर पर छाता तान लिया। हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। फुटेज में एक व्यक्ति को छाता लगाए घर से बाहर निकलते देखा गया, लेकिन चेहरा स्पष्ट नहीं दिखा। इसके बावजूद पुलिस की टीम ने शक के आधार पर मगराहाट जाकर स्थानीय फेरीवालों से पूछताछ शुरू की। 'गेट पैटर्न' तकनीक से संदिग्ध की चाल, हावभाव और शरीर की बनावट का विश्लेषण कर मयमुर की पहचान की गई। शुक्रवार को उसे हिरासत में लिया गया है और दिनभर पूछताछ हुई। उसके बयान में विसंगतियां मिलने के बाद रात में गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार को पुलिस ने उसके घर से वृद्धा के गहने और नकद रकम बरामद की है। यह हत्या में अहम सबूत के तौर पर इस्तेमाल होगा। अधिकारी मानते हैं कि आगे की पूछताछ में और भी अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं।

**आवश्यकता**

**सेल्समैन और हेल्पर की आवश्यकता, जिन्हें साड़ी सुट और ड्रेस मटेरियल की जानकारी हो। अच्छी सेलेरी** Age Limit- 45 years- 9836991752

CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS
शुद्धिपत्र
**निविदा संख्या: 70/25/5006, दिनांक: 06/06/2025। टी/केस संख्या 70/25/5006** के विरुद्ध निम्नलिखित शुद्धिपत्र तैयार किया गया है। **निविदा बंद होने की तिथि:** 01/07/2025। **निविदा खुलने की तिथि (टीओडी) से: 17/06/2025। इस प्रकार पढ़ा जाएगा: 01/07/2025।**
PR7/079 Dy.CMM/HQ/CLW/Chittaranjan
Like us on: www.facebook.com/clwrailways

**बी.आर. सिंह अस्पताल, सियालदह में सीनियर रेसिडेंट्स की नियुक्ति**

चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह, कोलकाता-700014 के कार्यालय में नीचे दिए गए नियमों और शर्तों के तहत निम्नलिखित सीनियर रेसिडेंट के चयन के लिए **दिनांक 01.07.2025 को सुबह 11.00 बजे** वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा: **अस्पताल का नाम और पता:** बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह, कोलकाता-700014, **स्थान:** प्रशासनिक ब्लॉक। **क्षेत्र और रिक्ति की स्थिति** इस प्रकार है: 1. **जनरल मेडिसिन:** 01 + पैनल, 2. **एनेस्थेसियोलॉजी:** 02 + पैनल। **[जातिगत विभाजन: अनारक्षित (यूआर)-02, अनुसूचित जाति (एससी)-01]**। आवेदक सीवी और 03 पासपोर्ट माप के फोटो के साथ आवेदन, सभी मूल कागजात (फोटोकॉपी के साथ) जैसे मार्क शीट और प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एमसीआई/राज्य पंजीकरण, अनुभव प्रमाण पत्र साथ लाएंगे। **नियम एवं शर्तें: 1. न्यूनतम पेशेवर योग्यता:** स्नातकोत्तर डिग्री (एमडी/डीएनबी)। 2. **आयु सीमा:** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के नियमों के अनुसार: **सामान्य आवेदकों के लिए दिनांक 01.07.25 को 37 वर्ष।** आरक्षित समुदायों के आवेदकों के लिए वर्तमान नियमों के अनुसार आयु में छूट स्वीकार्य होगी। 3. 7वें सीपीसी के अनुसार केंद्र सरकार के तहत स्वीकार्य पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। 4. साक्षात्कार और जॉइनिंग के उद्देश्य के लिए कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं होगा। 5. किसी भी चरण में किसी भी तथ्य को छिपाने पर उम्मीदवारी तुरंत समाप्त हो जाएगी। 6. विस्तृत जानकारी पूर्व रेलवे की वेबसाइट **http://www.er.indianrailways.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**चिकित्सा निदेशक**
**बी.आर. सिंह अस्पताल/सियालदह**
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बंगाल में तृणमूल, पुलिस व जिहादी एक हो गए हैं : शुभेंदु अधिकारी

❑ **महेशतल्ला हिंसा की घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने ममता सरकार को घेरा, हिंदुओं से एकजुट होने की अपील**

❑ **भाजपा नेता ने 23 हिंदू परिवारों को सौपा मुआवजे का चेक**




**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने उत्तर 24 परगना जिले के महेशतल्ला में हाल में हुई सांप्रदायिक हिंसा की घटना को लेकर शनिवार को ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस, पुलिस व जिहादी एक हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के इशारे पर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। दक्षिण कोलकाता स्थित भाजपा कार्यालय में हिंसा पीड़ितों को मुआवजा राशि सौंपने के मौके पर पत्रकारों से बातचीत में घटना पर चिंता जताते हुए शुभेंदु ने कहा कि महेशतल्ला में आतंक का राज कायम हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रशासन ने घटना के 48 घंटे बाद भी हिंसा पीड़ित परिवारों को कोई मदद नहीं की है, क्योंकि पीड़ित हिंदू हैं। शुभेंदु ने दावा किया कि स्थानीय निवासियों को सुरक्षा देने में प्रशासन पूरी तरह विफल रहा है। लोग वहां दहशत में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि महेशतल्ला के रवींद्रनगर इलाके में जहां यह घटना घटी उस क्षेत्र में हिंदुओं की आबादी मात्र 20-25 प्रतिशत ही है जबकि मुस्लिमों की आबादी 70 प्रतिशत से ज्यादा है। उन्होंने दावा किया कि दो दर्जन से अधिक हिंदुओं के घरों, दुकानों पर हमला कर तोडफ़ोड़ व लूटपाट की गई। मंदिर को भी निशाना बनाया। भाजपा नेता ने कहा कि मेरी जानकारी में कुल 26 हिंदू परिवार प्रभावित हुए हैं। इनमें से पहुंचे 23 परिवारों को शुभेंदु ने पार्टी की ओर से मुआवजे का चेक सौंपा। शुभेंदु ने दावा किया कि तृणमूल की जिहादी वाहिनी के डराने-धमकाने के बावजूद 23 लोग यहां पहुंचे और उन्हें क्षतिपूर्ति प्रदान की गई। शुभेंदु ने कहा कि घटना के बाद राज्य सरकार द्वारा वहां धारा 163 लगाकर हमें महेशतल्ला जाने से रोका जा रहा है। मैंने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और संभवत: सोमवार को मामले पर सुनवाई होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि हाई कोर्ट की अनुमति से वे मोथाबारी और संदेशखाली की तरह महेशतल्ला जा सकेंगे। वे प्रभावित लोगों के साथ खड़े हो सकेंगे। भाजपा विधायक ने कहा कि भाजपा वोट के लिए नहीं लड़ रही है। यह बंगाल में हिंदुओं की रक्षा और उन्हें बचाने की लड़ाई है। बंगाल में अत्याचारी शासन से मुक्ति के लिए उन्होंने ङ्क्षहदुओं से एकजुट होने की अपील भी दोहराई।

❑ **हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाशत नहीं**

उन्होंने जोर देकर कहा कि इस घटना के दोषियों को सजा दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई जारी रहेगी। हम बंगाल में हिंदुओं पर संगठित अत्याचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दंगाइयों व जिहादियों को किस तरह से ठंडा किया जाता है यह हम जानते हैं। रामनवमी के दौरान जुलूसों पर हमला करने वाले आरोपितों को जिस तरह ठंडा कर दिया गया, महेशतला कांड में शामिल लोगों को भी उसी तरह से ठंडा कर दिया जाएगा।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# बंगाल सरकार की माटिर सृष्टि परियोजना ने 42,000 एकड़ बंजर भूमि को उत्पादक भूमि में बदला

**❑ सरकार का दावा, कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे किसानों के लिए आशा की किरण बन गई है यह पहल**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल की माटिर सृष्टि परियोजना ने राज्य में 42,000 एकड़ से अधिक बंजर भूमि को बिना ठेकेदारों पर निर्भर हुए कृषि उत्पादक भूमि में बदल दिया है। वित्त विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2020 में शुरू की गई इस सरकारी पहल ने समुदाय-आधारित संगठनों में संगठित



किसानों को भूमि बहाली और आजीविका सृजन के केंद्र में रखा है। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव वरिष्ठ आईएएस प्रभात मिश्रा ने कोलकाता के ताज कुटीर में नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी द्वारा आयोजित 'प्रकृति में निवेश : भागीदारी के माध्यम से स्थिरता सुनिश्चित करना' विषय पर एक सम्मेलन के दौरान बताया कि कैसे यह पहल लगातार कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे किसानों के लिए आशा की किरण बन गई है। मिश्रा ने कहा कि जब हमने यह परियोजना शुरू की थी, तो हम अत्यधिक बंजर भूमि की समस्या से निपट रहे थे, जहां सतही अपवाह ऊपरी मिट्टी को बहा रहा था, जिससे किसानों के पास बहुत कम उम्मीद बची थी। लेकिन हमने सीखा है कि जब प्रकृति चुनौतियां पेश करती है, तो वह अवसर भी प्रदान करती है। मिश्रा ने कहा कि माटिर सृष्टि परियोजना पारंपरिक सरकारी कार्यक्रमों से अलग है यानी यह ठेकेदार-आधारित माडल नहीं है। इसके बजाय, परियोजना भूमि मालिकों को सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीकृत समुदाय-आधारित संगठनों में समूहित करती है, जिनके पास अपने स्वयं के बैंक खाते और निर्णय लेने का अधिकार होता है। मिश्रा ने कहा कि भूमि मालिक सीबीओ के तहत 5-10 एकड़ जमीन को एक साथ जोड़ते हैं। इससे उन्हें लाभार्थी बनने के बजाय कार्यान्वयनकर्ता बनने में मदद मिलती है, क्योंकि इसमें कोई ठेकेदार शामिल नहीं होता है। परियोजना ने 5,455 साइटों पर 42,000 एकड़ से अधिक माइक्रो-प्लानिंग की है, जिसमें 12,000 एकड़ से अधिक भूमि पर वृक्षारोपण गतिविधियां पूरी की गई हैं, जिसमें आम, काजू, ड्रैगन फ्रूट जैसे फलों के पेड़ लगाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। वहीं, शुरुआती आय प्रदान करने के लिए इंटरक्रापिंग की भी अनुमति दी गई है।

## खातड़ा बाजार में तृणमूल के मंत्री के पति पर हमला, चार भाजपा कार्यकर्ता गिरफ्तार

**बांकुड़ा :** जिले के खातड़ा बाजार में शुक्रवार की रात राज्य की प्रतिमंत्री ज्योत्सना मांडी के पति पर हमले का आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बांकुड़ा के खातड़ा बाजार में मंत्री के पति तुहिन मांडी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। खातड़ा थाने की पुलिस ने इस मामले में छह भाजपा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। हालांकि, भाजपा ने हमले के आरोपों से इनकार किया है। ज्योत्सना मांडी ने आरोप लगाया कि शुक्रवार की देर शाम खातड़ा बाजार में भाजपा के कई कार्यकर्ता लाठी-डंडे लेकर एकत्र हुए थे। उस समय उनके पति तुहिन मांडी सामान खरीदने बाजार गए थे। आरोप है कि खरीदारी के दौरान अचानक 15-16 भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके पति पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।



मंत्री के पति की पीठ और दाहिने हाथ पर चोटें आई है। मंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा पिछले कुछ समय से क्षेत्र में अशांति फैलाने की कोशिश कर रही है और इसी राजनीतिक मकसद से भाजपा ने उनके पति पर हमला किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लड़ाई हो सकती है। लेकिन व्यक्तिगत हमले ठीक नहीं हैं। मेरे पति राजनीति नहीं करते। इस घटना से मैं स्तब्ध हूं। हालांकि, भाजपा ने मंत्री के आरोपों को खारिज कर दिया है। भाजपा का दावा है कि आरोप पूरी तरह से निराधार हैं।

## राज्य में फिर से शिक्षक नियुक्ति की अधिसूचना 1200 से अधिक रिक्तियां

**कोलकाता :** शिक्षक-शिक्षिका की नौकरी की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए एक बार फिर खुशखबरी। राज्य में एक बार फिर से शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इस बार सरकारी स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं की नियुक्ति की जिम्मेदारी निभाएगा लोक सेवा आयोग (पीएससी)। राज्य के 149 सरकारी स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिका की नियुक्ति के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने लोक सेवा आयोग को पत्र लिखकर विज्ञप्ति जारी करने को कहा है। हिंदू, हेयर जैसे प्रतिष्ठित सरकारी स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के 1200 से अधिक पद खाली पड़े हैं। ओबीसी आरक्षण नीति स्पष्ट होने के बाद ही स्कूल शिक्षा विभाग ने पीएससी को शिक्षक-



शिक्षिका की नियुक्ति की तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षक-शिक्षिकाओं की नियुक्ति के साथ-साथ प्रधान शिक्षक और प्रधान शिक्षिकाओं की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी पीएससी को निर्देश दिए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, 41 सरकारी स्कूलों में 38 प्रधान शिक्षकों की नियुक्ति के लिए भी जल्द ही विज्ञप्ति जारी करेगा पीएससी।

## जमीन के टुकड़े को लेकर दो भाइयों के बीच खूनी संघर्ष, एक ही परिवार के पांच लोग घायल

**मालदह :** मालदह जिले के हरिश्चंद्रपुर 2 प्रखंड के मशालदाहा ग्राम पंचायत के सोनाकुल गांव में, जहां घर की सीमा को लेकर दो सगे भाइयों के बीच ऐसा खूनी संघर्ष छिड़ा कि एक ही परिवार के पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए। यह सनसनीखेज वारदात शुक्रवार की दोपहर उस समय हुई जब छोटे भाई अब्दुल रहीम अपने घर की सीमा नापने के लिए रस्सी खींच रहा था। इसी बात पर उसके मेजो भाई इब्राहिम अली से कहासुनी शुरू हो गई। दोनों के घर आमने-सामने हैं और पहले से मकान बनाने को लेकर विवाद चला आ रहा था। इस बार बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के बीच धारदार हथियार चल गए। झगड़े में इब्राहिम अली, उनके बेटे मजारुल हक, बहू अंजारा बीबी,



जोसनारा खातून और एक अन्य युवक रब्बानी अली बुरी तरह घायल हो गए। खून से लथपथ सभी घायलों को आनन-फानन में ग्रामीणों ने हरिश्चंद्रपुर ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां से तीन गंभीर घायलों मजारुल हक, उसकी पत्नी अंजारा बीबी और युवक रब्बानी अली को बेहतर इलाज के लिए चंचल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद आरोपी भाई अब्दुल रहीम और उसके परिवार के सदस्य गांव छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। गांव वालों के मुताबिक, दोनों भाइयों के बीच जमीन और घर की सीमा को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पहले इब्राहिम ने पक्का मकान बना लिया था, लेकिन रहीम हाल ही में अपने मकान की नींव डाल रहा था। इसी दौरान सीमा के कुछ इंच इधर-उधर होने को लेकर दोनों में कहा-सुनी शुरू हुई, जो धीरे-धीरे खूनी संघर्ष में बदल गई। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस मौके पर पहुंचकर हालात काबू में करने की कोशिश कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

## बागान में काम के दौरान बिजली के टूटे तार गिरने से वृद्ध की दर्दनाक मौत

### ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया

**पूर्व मेदिनीपुर :** शनिवार दोपहर पूर्व मेदिनीपुर जिले के पाटाशपुर थाना अंतर्गत सुखाखोला इलाके में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक वृद्ध की बिजली के टूटे तार (440 वोल्ट) गिरने से मृत्यु हो गई। इलाके के बागान में काम कर रहे 63 वर्षीय निखिल दास पर अचानक उपरी तार टूटकर गिर गया, जिससे वह घटनास्थल पर ही बुरी तरह करंट लगने से गिर गए और उनकी मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि यहाँ बिजली विभाग की साफ-सफाई और रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है। वर्षों से कई स्थानों पर हाईटेंशन लाइन की तारें ढीली लटकी हुई हैं, लेकिन विभाग ने सुध लेने की कोई पहल नहीं की। इस घटना से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने न केवल मृतक का शव सड़क पर रखकर बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया, बल्कि शव को हटाने से इन्कार भी कर दिया। ग्रामीणों ने पुलिस एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सामने बताया कि कई बार विभाग को लिखित और मौखिक शिकायत देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है, आज एक की जान गई, कल किसी और की कुर्बानी न हो, इसलिए विभाग को तुरंत सभी लटके तार ठीक करने होंगे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि जब तक विभाग सड़कों के किनारे लटकी तारें सुरक्षित नहीं कर देगा, तब तक वे शांत नहीं होंगे।

## हावड़ा स्टेशन से चार नाबालिग बालकों की तस्करी नाकाम, दो तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता :** पूर्वी रेलवे के आरपीएफ हावड़ा साउथ पोस्ट ने मानव तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए चार नाबालिग लड़कों को सकुशल बचा लिया। यह कार्रवाई 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत की गई।



आरपीएफ उपनिरीक्षक सोनू कुमार और एनजीओ सदस्यों की टीम ने हावड़ा स्टेशन के साउथ साइड के नए परिसर में सतर्कता अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 21 पर दो वयस्कों के साथ चार नाबालिगों को संदिग्ध स्थिति में पाया। पूछताछ में वयस्कों की पहचान सौरव माझी (20), निवासी पूर्व बर्दवान, और रियाज शेख (20), निवासी मुर्शिदाबाद के रूप में हुई।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी बच्चों को दूरदराज के इलाकों से उठाकर मुंबई और बेंगलुरु में बाल मजदूरी कराने ले जा रहे थे। बच्चों – अयान बाग (17), हीरन गोराई (16), तुहीन मंडल (16), और रबीउल शेख (16) – ने स्वयं स्वीकार किया कि उन्हें मजदूरी के लिए ले जाया जा रहा था।

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जीआरपीएस हावड़ा को सौंप दिया गया। मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 143(5) और बाल श्रम अधिनियम की धारा 14 के तहत दर्ज किया गया है।

पूर्व रेलवे ने दोहराया कि वह मानव तस्करी के खिलाफ शून्य सहिष्णुता नीति पर कायम है।

## नीट 2025 में डीपीएस रूबी पार्क के छात्रों की 96% शानदार सफलता दर



श्रोतश्विनी आरुषि सान्याल



मानव दास



अनन्या जिवराजका



आर्यन सिन्हा



दिशांत बसु

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क के छात्रों ने एक बार फिर नीट 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के कुल 117 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 114 छात्र सफल घोषित हुए, जो कि 96% की उत्कृष्ट सफलता दर को दर्शाता है। इनमें से 11 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय की टॉपर श्रोतश्विनी आरुषि सान्याल ने 611 अंक प्राप्त कर 99.9650118 पर्सेंटाइल के साथ ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 744 हासिल की। मानव दास ने 607 अंक के साथ 99.9555066 पर्सेंटाइल और एआईआर 946 प्राप्त किए, जबकि अनन्या जिवराजका ने 595 अंक और 99.9194321 पर्सेंटाइल के साथ एआईआर 1719 हासिल की। अन्य प्रमुख छात्रों में आर्यन सिन्हा (588 अंक, एआईआर 2460), दिशांत बसु (586 अंक, एआईआर 2734), सुन्हत परिया (579 अंक, एआईआर 3748), दिगंता पॉल (578 अंक, एआईआर 3836), संगीता पाल (574 अंक, एआईआर 4599), सलोनी मंडल (561 अंक, एआईआर 7905), रिशिता गोस्वामी (553 अंक, एआईआर 11048) और सूर्यदीप मंडल (539 अंक, एआईआर 18012) शामिल हैं। इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय द्वारा सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी गई।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री बड़ाबाजार सार्वजनिक दुर्गोत्सव कमेटी (जौहरी पट्टी) एवं बड़ाबाजार युवक संघ (बड़तल्ला स्ट्रीट) के संयुक्त तत्वावधान में मनोज चांदगोठिया और पंकज सोनकर के नेतृत्व में अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे मे मारे गए लोगों की दिवंगत आत्मा शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर और एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। मनोज चांदगोठिया ने कहा कि अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में यात्रियों, पायलटों एवं क्रू सदस्यों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करता हूं और पंकज सोनकर ने कहा कि मैं शोक संतप्तपरिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। श्रद्धांजलि सभा में पवन सरावगी, राजाराम सराफ, दीपक दुग्गड, प्रकाश धानुका, आलोक झुनझुनवाला, अनिल लाखोटिया, मुकेश सोनकर, दिव्यांश चांदगोठिया, प्रकाश पटेल, राजू पारिख, तारकनाथ गुप्ता, श्रवण सोनकर व अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## विमान दुर्घटना में दिवंगतों की स्मृति में नवलखा संघ ने श्रद्धांजलि सभा किया आयोजित





**कोलकाता, समाज्ञा :** अहमदाबाद में हाल ही में हुई दर्दनाक एयर इंडिया विमान दुर्घटना, जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित सैकड़ों नागरिकों का दुखद निधन हुआ, उनकी स्मृति में नवलखा संघ, पोलक स्टीट, कोलकता द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रवर्तिनी मेवाड़ गौरव श्रमण संघीय पूज्य डॉ. चन्दनाजी महासतीजी एवं डॉ. अक्षयज्योतिजी महासतीजी की पावन सान्निध्यता में संपन्न हुआ। इस मार्मिक अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और सभी ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से चंद्रश (रोमी) मेघाणी, दिलेश पटेल, दिलेश भीमानी, दीपक गठानी, रमणिकभाई खारा, दिपक गाठाणी, दिलेश पटेल, भावेश चौवटिया, पंकज देसाई, हर्षद शेठ, शशिभाई दोषी, मयूर शेठ, निमिष शाह, हर्षद बाबूलाल शाह, धर्मेश भीमानी, हेमल दफ़्तरी तथा कामानी जैन भवन की ओर से नटुभाई पटेल, अनिलभाई, कल्पनाबेन बाखडा, प्राण महिला मंडल, ललित महिला मंडल, श्री जैन युवक समिति सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। नवलखा संघ की ओर से अध्यक्ष चंद्रेश मेघाणी ने दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### भाजपा विधायक के घर में खूनी झड़प!

## बूथ अध्यक्ष को धारदार हथियार से हमला, आरोपी भाजपा कार्यकर्ता फरार

**कोलकाता :** जमीन विवाद को सुलझाने भाजपा विधायक के घर पहुंचे दो पक्षों के बीच शनिवार सुबह अचानक भयंकर झड़प हो गई। आरोप है कि भाजपा के ही एक कार्यकर्ता ने पार्टी के बूथ अध्यक्ष पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। यह सनसनीखेज घटना बनगांव दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक स्वपन मजूमदार के घर में हुई। घटना में गंभीर रूप से घायल भाजपा बूथ अध्यक्ष रामप्रसाद शिकदार को तत्काल बनगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी भाजपा कार्यकर्ता पलाश धाली हमले के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एक जमीन को लेकर रामप्रसाद शिकदार और पलाश धाली के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह दोनों पक्ष भाजपा विधायक स्वपन मजूमदार के घर पर विवाद सुलझाने के लिए पहुंचे थे। उसी दौरान अचानक पलाश धाली ने रामसाद पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए रामप्रसाद विधायक के घर के बरामदे की ओर भागे, लेकिन आरोप है कि पलाश ने वहीं उन्हें पकड़कर ताबड़तोड़ वार किए। शोरगुल सुनकर अन्य लोग पहुंचे और रामप्रसाद को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। विधायक स्वपन मजूमदार ने बताया कि घटना के समय वह अपने कमरे में सो रहे थे। नीचे से चिल्लाने की आवाज़ सुनकर वह दौड़कर आए। उन्होंने हमलावर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए स्थानीय तृणमूल नेताओं ने कहा है कि यह पूरी तरह निजी विवाद है, इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

## पू. सी. रेलवे ने कामाख्या और गुवाहाटी रेलवे स्टेशनों के बीच अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

**मालीगांव, समाज्ञा :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) अपने क्षेत्राधिकार में सक्रियता से रेलवे की जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहा है। अपनी प्रतिबद्धता के तहत, रेलवे की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए हाल ही में कामाख्या और गुवाहाटी रेलवे स्टेशनों के बीच एक संयुक्त अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। यह अभियान रेलवे कि.मी. सं. 8/0 से 10/0 के बीच सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य अवैध कब्जा की गई भूमि को मुक्त कराना था ताकि रेलवे की बुनियादी अवसंरचना की सुरक्षा, स्वच्छता और परिचालन प्रामाणिकता सुनिश्चित की जा सके।

इस बेदखली अभियान में कई विभागों और सुरक्षा एजेंसियों ने सक्रिय भागीदारी और सहयोग किया। इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 10 कर्मी, सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के 7 कर्मी, पानबाजार और फैंसीबाजार थाना के 6 पुलिसकर्मी तथा एसएसई/पी.वे विभाग के 20 कर्मचारी शामिल थे। उन सभी के समन्वित प्रयासों से रेलवे संपत्ति पर बने 29 अवैध अस्थायी ढाँचों को हटाया गया।



पूरा अभियान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ और इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। एन.एफ. रेलवे सभी प्रतिभागी टीमों द्वारा उठाए गए त्वरित और प्रभावी कदमों की सराहना करता है और रेलवे भूमि की रक्षा, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा भविष्य की आधारभूत संरचना विकास को सुचारु रूप से आगे बढ़ाने को प्रतिबद्ध है। एनएफ रेलवे और इसकी सुरक्षा इकाई द्वारा अवैध अतिक्रमण को रोकने हेतु जनजागरूकता अभियान, निगरानी गश्त और सख्त प्रवर्तन कार्रवाई जैसी रणनीतियाँ अपनाई जा रही हैं। यात्रियों और स्टेकधारकों से आग्रह है कि वे रेल प्रशासन के साथ सहयोग करें और रेलवे की जमीन पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे की सूचना तत्काल दें।

### एक ही घर से देवर-भाभी की लटकी हुई लाश बरामद, अवैध संबंध की आशंका में आत्महत्या की संभावना!

**दक्षिण दिनाजपुर :** दक्षिण दिनाजपुर जिले के तपन थाना अंतर्गत निमतली इलाके में शनिवार को एक ही परिवार के दो सदस्यों – देवर और भाभी – की लाश फंदे से झूलती हालत में बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान 23 वर्षीय गदाधर बर्मन और 18 वर्षीय संगीता बर्मन के रूप में हुई है। दोनों आपस में देवर-भाभी थे। पुलिस सूत्रों और स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों के बीच पिछले कुछ समय से अवैध संबंध की चर्चा थी। गदाधर के बड़े भाई देवप्रसाद बर्मन से संगीता की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी और दंपती का डेढ़ साल का एक बच्चा भी है। शनिवार सुबह जब घर के लोग दोनों को अलग-अलग कमरों में नहीं देख पाए, तब तलाश शुरू हुई। इसके बाद घर के दो अलग-अलग कमरों से दोनों की लाश फंदे से लटकी हुई पाई गई। पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच में पुलिस का मानना है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। हालांकि घटना के पीछे किसी अन्य कारण की भी जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में दोनों के रिश्ते को लेकर परिवार में काफी झगड़े हो रहे थे। गुरुवार को भी पूरे दिन घर में झगड़ा हुआ था। मृत महिला के पति देवप्रसाद बर्मन ने पुलिस को बताया कि उन्हें इस तरह के किसी रिश्ते या विवाद की जानकारी नहीं थी और घटना के समय वे घर पर मौजूद नहीं थे। तपन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सभी पहलुओं की जांच कर रही है। ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर गहरा आक्रोश और स्तब्धता का माहौल है।

## रेलवे कोचों में अग्नि सुरक्षा पर राष्ट्रीय कार्यशाला का लिलुआ कारखाने में आयोजन

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के लिलुआ सवारी एवं मालडिब्बा कारखाने ने 14 जून को रेलवे कोचों में अग्नि सुरक्षा पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। महाप्रबंधक मिलिंद के. देउस्कर, प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी राम बहादुर राय और प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर परमानंद शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य कारखाना प्रबंधक **यतीश कुमार**, मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर मनीष गंगरेकर और उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रेम प्रकाश ने किया। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें पावर कार ऑपरेटर, रखरखावकर्मी और सुरक्षा अधिकारी शामिल थे। इसमें पेंट्री और पावर कारों में अग्नि जांच सह दमन प्रणाली




(एफडीएसएस), वातानुकूलित कोचों में एफएसडीएस/एफडीबीए प्रणाली, और हालिया तकनीकी नवाचारों पर चर्चा की गई। लाइव डेमो और लिलुआ की अत्याधुनिक माइक्रोप्रोसेसर लैब का दौरा भी प्रतिभागियों को कराया गया, जो अब ओईएम पर निर्भरता घटाकर सालाना 10 करोड़ की बचत कर रही है। कार्यशाला में अग्नि सुरक्षा से जुड़े विद्युत संशोधनों, जैसे एरोसोल दमन इकाइयों और उन्नत रिले की जानकारी दी गई। इस पहल ने लिलुआ कारखाने की तकनीकी दक्षता, आत्मनिर्भरता और रेलवे सुरक्षा में अग्रणी भूमिका को सशक्त रूप से दर्शाया।

# जगदल का आकलैंड जूट मिल बंद, 4500 श्रमिक हुए बेरोजगार

❑ **प्रोडक्शन मैनेजर पर हमले की घटना के बाद मिल प्रबंधन ने गेट पर लगाया कार्यस्थगन का नोटिस**

❑ **हमले की घटना में एक गिरफ्तार, तृणमूल समर्थित श्रमिकों के समूह पर मैनेजर की पिटाई का आरोप**



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के जगद्दल स्थित आकलैंड जूट मिल में एक सीनियर कर्मचारी (प्रोडक्शन मैनेजर) पर शनिवार के तड़के हमले की घटना के बाद मिल प्रबंधन ने गेट पर कार्यस्थगन का नोटिस लगा कर मिल को बंद कर दिया है। इससे मिल में काम करने वाले करीब 4,500 श्रमिक एक झटके में बेरोजगार हो गए हैं। वहीं, हमले की घटना में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसका नाम अभिषेक चौधरी है। उसपर मिल के प्रोडक्शन मैनेजर की लाठी-डंडे व राड से बुरी तरह से पिटाई करने का आरोप है। घटना में प्रोडक्शन मैनेजर शंकर तरफदार बुरी तरह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले की इस घटना की तस्वीर सीसीटीवी में भी कैद हो गई है, जिसमें बुरी तरह से पिटाई करते हुए देखा जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक, विगत कुछ दिनों से मिल प्रबंधन और मिल के कुछ श्रमिकों के बीच विवाद चल रहा था। इसी को केंद्र कर अचानक हमले की घटना सामने आई। आरोप है कि शनिवार के तड़के मिल के अंदर मिल प्रबंधन के एक वरिष्ठ कर्मचारी शंकर तरफदार को कथित तौर पर तृणमूल समर्थित कुछ श्रमिकों के समूह ने बुरी तरह से पिटाई की। उन पर लाठी-डंडे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। हालांकि, तृणमूल ने आरोपों से इन्कार करते हुए हमले के पीछे बाहरी लोगों का हाथ बताया है। इस घटना के बाद नाराज प्रबंधन ने जूट मिल के सभी श्रमिकों को सुबह 11 बजे के करीब काम बंद कर बाहर निकलने का निर्देश दिया। मिल खाली कराकर प्रबंधन ने गेट पर अस्थाई कार्यस्थगन का नोटिस लगा दिया है, जिसमें नो वर्क नो पे का उल्लेख किया गया है। वहीं, मिल प्रबंधन ने हमले की घटना में शामिल श्रमिकों को निलंबित करने का भी फैसला लिया है। मिल प्रबंधक ने जगद्दल थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। इस घटना के बाद से तनाव को देखते हुए मिल के गेट पर पुलिस बल तैनात किए गए हैं। पुलिस आरोपितों की पहचान की कोशिश कर रही है। पुलिस ने एक को गिरफ्तार करने के अलावा घटना के दौरान हमलावर का सहयोग करनेवाले कुछ नाबालिग किशोर को भी हिरासत में लिया है।

### बंगाल सरकार जूट मिलों को पूरी तरह से खत्म करने पर तुली है : अर्जुन सिंह

इधर, इस घटना पर बैरकपुर के पूर्व भाजपा सांसद अर्जुन सिंह ने कहा कि बंगाल सरकार जूट मिलों को पूरी तरह से खत्म करने पर तुली है, इसलिए प्रत्येक जूट मिलों में तृणमूल के लोग अत्याचार चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रुपये व भाग बंटवारे को लेकर ही मिल के सीनियर स्टाफ को मारा पीटा गया। उन्होंने इसमें इलाके के एक तृणमूल पार्षद के बेटे पर रंगदारी मांगने और पैसे नहीं देने पर हमले करने का आरोप लगाया है।

## हावड़ा जूट मिल बंद, करीब एक हजार से अधिक श्रमिक हुए बेरोजगार

**हावड़ा, समाज्ञा :** मध्य हावड़ा स्थित हावड़ा जूट मिल अनिश्चितकाल के लिए शनिवार से बंद हो गया। प्रबंधन ने मिल के गेट पर कार्य स्थगन की नोटिस लगाकर मिल के बंद होने की सूचना दी है। प्रबंधन ने मिल बंद होने का कारण अपने दो अधिकारियों के साथ एक श्रमिक द्वारा की गयी बदसलूकी और धमकी बताया है। हालांकि, श्रमिकों ने इस आरोप को गलत बताया है। मिल बंद होने से करीब एक हजार से अधिक श्रमिक बेरोजगार हो गये हैं। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह पहली पाली में काम करने वाले श्रमिक मिल पहुंचे थे। श्रमिकों ने देखा कि मिल के गेट में प्रबंधन की ओर से कार्य स्थगन की नोटिस लगा दी गयी है। श्रमिकों ने प्रबंधन के इस फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल सीटू के नेता रवि दास ने बताया कि 2,100 से अधिक श्रमिकों का पेंशन और ग्रेच्युटी बकाया है। वे लोग पिछले दो वर्षों से बकाया चुकता करने की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर शुक्रवार को ज्ञापन देने के लिए प्रबंधन के पास पहुंचे थे। यहां पर दोनों पक्षों के बीच नोक-झोक हुई थी। मिल के किसी अधिकारी के साथ बदसलूकी नहीं हुई है। धमकी देने का आरोप गलत है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने मिल के अध्यक्ष और पर्सनल मैनेजर के साथ बदसलूकी करने का आरोप एक श्रमिक पर लगाया है, जो गलत है। बकाया देने की मांग काफी दिनों से की जा रही है, लेकिन प्रबंधन उनकी मांगों को टालते जा रहा है।

## डेटॉल ने डैड्सकैनटू अभियान के जरिए साझा पेरेंटिंग को दिया नया समर्थन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के अग्रणी जर्म प्रोटेक्शन ब्रांड डेटॉल ने फादर्स डे के अवसर पर साझा पेरेंटिंग को बढ़ावा देने के लिए डैड्सकैनटू अभियान लॉन्च किया है। इस अभियान का उद्देश्य नए पिताओं को डेटॉल एंटीसेप्टिक लिक्विड की विश्वसनीय सुरक्षा और आवश्यक जानकारी के साथ शिशु देखभाल में आत्मविश्वास से भरपूर बनाना है। रिपोर्ट्स के अनुसार, शिशु की देखभाल के 94% कार्य ऐसे हैं, जिन्हें कोई भी कर सकता है - यहां तक कि पिता भी। फिर भी कई पिता तैयारी के अभाव में पीछे रह जाते हैं, जिससे माताओं पर अधिक बोझ आता है। डेटॉल का यह डिजिटल अभियान कपड़े धोने से लेकर फर्श कीटाणुरहित करने तक की जानकारी देता है, ताकि पिताओं की भागीदारी बढ़े। रेकिट की मार्केटिंग डायरेक्टर कनिका कालरा के अनुसार, यह अभियान संतुलित और साझेदाराना पेरेंटिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कदम है।

## तृणमूल ने शुरू किया शहीद दिवस का प्रचार, रैली के पोस्टरों पर केवल ममता की होगी तस्वीर

### 21 जुलाई की रैली को लेकर पार्टी ने की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने फैसला किया है कि 21 जुलाई की शहीद दिवस रैली के सभी आधिकारिक पोस्टरों पर केवल पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी की तस्वीर होगी, क्योंकि राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने अपनी तस्वीर नहीं लगाने का अनुरोध करते हुए कहा है कि वह 1993 में हुए मूल आंदोलन का हिस्सा नहीं थे। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने शनिवार को यहां पार्टी के भवानीपुर कार्यालय में हुई बैठक के बाद इस कदम की पुष्टि की। सुदीप बंद्योपाध्याय ने संवाददाताओं से कहा कि 21 जुलाई की रैली के पोस्टर में केवल ममता बनर्जी की तस्वीर होगी। अभिषेक




बनर्जी ने खुद कहा था कि उनकी तस्वीर वहां नहीं होनी चाहिए, क्योंकि वह 1993 के मूल आंदोलन का हिस्सा नहीं थे। पार्टी नेताओं के अनुसार, अभिषेक बनर्जी ने 2011 में टीएमसी के सदस्य के रूप में राजनीति में प्रवेश किया और अंततः उन्हें तृणमूल युवा का अध्यक्ष बनाया गया, जिसका बाद में तृणमूल युवा कांग्रेस में विलय कर दिया गया।

## बलागढ़ में बुज़ुर्ग महिला की हत्या का आरोप, पड़ोसी युवक गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के बलागढ़ थाना अंतर्गत खमारगाछी के कादामघुटु गांव में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव की रहने वाली 60 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला बादली मांडी की कथित रूप से हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप गांव के ही एक युवक समर सोरेन पर लगा है।

❑ **क्या है पूरा मामला?**

स्थानीय सूत्रों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर समर सोरेन शराब के नशे में चूर होकर गांव में गाली-गलौज कर रहा था। जब बुज़ुर्ग महिला बादली मांडी ने इसका विरोध किया, तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी बीच समर ने गुस्से में आकर लकड़ी के मोगर (गांठदार डंडा) से बुज़ुर्ग महिला के सिर पर वार कर दिया।



घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने घायल महिला को जिराट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

❑ **इलाके में तनाव, आरोपी की पिटाई**

घटना के बाद पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी समर सोरेन को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर बलागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह आरोपी को उन्मादी भीड़ से बचाकर थाने ले गई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

❑ **पहले भी करता था अशांति**

ग्रामीणों का कहना है कि समर सोरेन पहले भी गांव में कई लोगों से विवाद कर चुका है। कई बार पंचायत स्तर पर सुलह-सफाई की कोशिश भी हुई थी, लेकिन उसका शराब पीकर उत्पात मचाना बंद नहीं हुआ।

❑ **प्रशासन की कार्रवाई**

डीएसपी अभिजीत सिन्हा महापात्र ने बताया, 'हमें घटना की सूचना मिली है। आरोपी ने लकड़ी के मोगर से महिला के सिर पर हमला किया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रहे। आरोपी को हिरासत में लिया गया है और उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।'

घटना के बाद से आदिवासी बहुल गांव में भारी तनाव का माहौल है। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस पिकेट भी तैनात कर दी गई है।



हिंदुओं पर अत्याचार, जिहादियों द्वारा महेशतला में तुलसी मंडप की तोड़फोड़ के खिलाफ मार्च, और बांग्लादेश के सिराजगंज में कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर के कचहरी घर पर हमले, लूटपाट और तोड़फोड़ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और शांतिनिकेतन में श्री अवनींद्रनाथ टैगोर के आवास को ध्वस्त करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, जिला अध्यक्ष तमघ्नो घोष, पार्षद विजय ओझा, पार्षद मीना देवी पुरोहित, भोला सोनकर समेत अन्य मौजूद रहे।

## अशोकनगर में किडनी तस्करी मामले में 3 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

किडनी तस्करी मामले में इस बार तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इससे पहले अशोकनगर पुलिस ने इस मामले में एक वकील समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। इस बार, इस मामले में संलिप्तता के आरोप में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम सुरजीत घोष (37), शिशिर कर्मकार (48) और कलाचंद दास (38) हैं। इन्हें शुक्रवार की रात को गिरफ्तार किया गया और शनिवार को जब इन्हें बारासात कोर्ट में पेश किया गया तो जज ने पांच दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, किडनी तस्कर विकास घोष उर्फशीतल को पहले भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

सुरजीत घोष का नाम शीतल के सहयोगी के तौर पर सामने आया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि किडनी तस्करी मामले में सुरजीत शीतल का सहयोग कर रहा था और विभिन्न जगहों से ब्याज भी वसूल रहा था। पुलिस को इस घटना में सुरजीत और शिशिर तथा कलाचंद के बीच संबंध का पता चला। सूत्रों के मुताबिक, इसके तुरंत बाद पुलिस ने हरिपुर घोषपारा से सुरजीत, निवेदिता पल्ली से शिशिर और विजय फार्मेसी इलाके से कलाचंद को गिरफ्तार कर लिया। आरोप यह भी है कि शिशिर सत्ताधारी पार्टी के करीबी हैं।

## महेशतला में फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह का राजफाश, एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में अवैध रूप से बसाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कराने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह के सरगना को महेशतला से गिरफ्तार किया गया है। रहड़ा थाना पुलिस ने विशेष सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपित की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर निवासी अजय कुमार दास के रूप में हुई है, जो पिछले पांच वर्षों से महेशतला के एक आवासीय परिसर में अपने परिवार के साथ किराये पर रह रहा था। पुलिस ने अजय के ठिकाने से भारी मात्रा में जाली आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड आदि बरामद किए हैं। अधिकारियों को संदेह है कि इस गिरोह ने अब तक करोड़ों रुपये के फर्जी दस्तावेज बनवाए हैं। उसे महेशतला इलाके से मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह सात दिन की पुलिस हिरासत में है। जांच में खुलासा हुआ है कि अजय वर्षों से अवैध रूप से भारत आए बांग्लादेशी नागरिकों के लिए वोटर कार्ड, आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, पैन कार्ड और यहां तक कि पासपोर्ट तक बनवा रहा था। यह पूरा रैकेट वह महेशतला स्थित अपने फ्लैट से ही संचालित कर रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वह एक दस्तावेज के लिए पांच हजार से लेकर 10 हजार तक वसूलता था, जबकि कुछ मामलों में यह रकम 50 हजार तक भी पहुंचती थी। जांच में यह भी सामने आया है कि इस काम में कुछ भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों की भी संलिप्तता हो सकती है। बता दें कि हाल ही में रहड़ा से गिरफ्तार किए गए तीन बांग्लादेशियों से पूछताछ के बाद पुलिस को जियाउद्दीन मंडल नामक एक एजेंट का पता चला, जिसे 10 जून की रात इको पार्क इलाके से पकड़ा गया। उसी की निशानदेही पर पुलिस ने अजय को दबोचा। जियाउद्दीन को अजय के लिए एजेंट के रूप में काम करने के बदले कमीशन मिलता था। पुलिस को पता चला है कि ऐसे कई एजेंट अजय के लिए काम कर रहे थे। अजय और उसका गिरोह चुनाव आयोग की वेबसाइट का दुरुपयोग करके काम करता था। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इस गिरोह ने अब तक कितने अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को वैध भारतीय नागरिक बना डाला है। अनुमान है कि यह संख्या लाखों में हो सकती है। अजय का मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। जांच अधिकारियों को शक है कि यह पूरा मामला एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह से जुड़ा हो सकता है।

## बीरभूम में फिर तृणमूल का गुटीय संघर्ष, घायल कार्यकर्ता अस्पताल में भर्ती, 5 गिरफ्तार

**कोलकाता :** बीरभूम जिले के दुबराजपुर में तृणमूल कांग्रेस के आंतरिक गुटीय संघर्ष का मामला एक बार फिर सामने आया है। शुक्रवार रात दुबराजपुर ब्लॉक के लोहबा पंचायत अंतर्गत झिरुल गांव में एक तृणमूल कार्यकर्ता सैयद रासिदुल को बेरहमी से पीटा गया। गंभीर रूप से घायल कार्यकर्ता को सिउड़ी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर इलाके में भारी तनाव व्याप्त है। इस हमले के आरोप में दुबराजपुर पंचायत समिति की सदस्या शम्सुन्नेहार बीबी के पति तथा तृणमूल नेता तेजामुल मंडल उर्फ गदाई समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत गदाई के ही भाई सैयद इब्राहिम द्वारा की गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हमले की वजह पार्टी के भीतर वर्चस्व की लड़ाई बताई जा रही है। घायल कार्यकर्ता की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज चल रहा है।

दुबराजपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्हें दुबराजपुर अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने सभी की जमानत याचिका खारिज करते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

पुलिस ने जानकारी दी है कि आरोपियों के खिलाफ गंभीर गैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। अदालत ने 21 जून तक मामले की चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बीरभूम जिले में तृणमूल कांग्रेस के भीतर आपसी गुटबाज़ी और सत्ता संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा।

## कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश से मुस्कुराए मौसूनी द्वीप के निवासी

**कोलकाता :** साल 2021 में आए विनाशकारी चक्रवात 'यास' ने सुंदरबन के कई तटीय क्षेत्रों को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया था। विशेष रूप से मौसूनी द्वीप, जो कोलकाता के नजदीक एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल भी माना जाता है, वहां की मिट्टी की नदीबांधें टूटकर पूरे इलाके को जलमग्न कर गई थीं। खेत-खलिहान, मछली पालन की जगहें, घर-सब कुछ पानी में डूब गया था।

स्थानीय लोगों की लंबे समय से मांग थी कि मिट्टी की जगह पक्की कंक्रीट की नदीबांध बनाई जाए। इस मांग को लेकर मौसूनी द्वीप के लोगों ने कई बार आंदोलन भी किया। अंततः साल 2021 में अधिवक्ता राजेश क्षेत्री ने कोलकाता हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की।

चार साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति स्मिता डे दास की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया



कि मौसूनी द्वीप में स्थायी कंक्रीट की नदीबांध अविलंब बनाई जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्राकृतिक आपदा से क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

इसके अलावा, न्यायालय ने राज्य सरकार को यह भी निर्देश दिया कि मौसूनी द्वीप पर एक पूर्ण स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया जाए ताकि स्थानीय लोगों को समय पर उचित चिकित्सा सुविधा मिल सके। साथ ही यदि पर्यावरणीय प्रभाव न पड़े तो एक पुल के निर्माण की संभावना पर भी विचार किया जाए, जिससे न सिर्फ स्थानीयों की आवाजाही आसान होगी, बल्कि यह द्वीप पर्यटन के लिए और भी आकर्षक बन जाएगा।

इस ऐतिहासिक फैसले के बाद मौसूनी द्वीपवासियों में खुशी की लहर है। अधिवक्ता राजेश क्षेत्री ने कहा, यह सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि मौसूनी द्वीप के प्रत्येक निवासी की जीत है। जब हम 2021 में चक्रवात के बाद राहत कार्य में लगे थे, तब हमने देखा कि वहां कोई कंक्रीट की नदीबांध नहीं थी। बार-बार नदी की मिट्टी की बांधें टूटती थीं, जिससे क्षेत्र डूब जाता था, फसलें नष्ट हो जाती थीं, और मछलियों को भी भारी हानि होती थी।

द्वीप के निवासी संजय पायक ने भी हाईकोर्ट के इस निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा, अगर स्थायी कंक्रीट की नदीबांध बन जाए तो हमारे खेतों में अब नमक का पानी नहीं घुसेगा, फसलें बचेंगी, और मछलीपालन को भी नुकसान नहीं होगा। हमारे द्वीप के लिए स्वास्थ्य सेवाएं अभी बेहद सीमित हैं- एक उप-स्वास्थ्य केंद्र है, जहां डॉक्टर समय पर नहीं आते। अगर एक पूर्ण स्वास्थ्य केंद्र बनता है तो हमें बहुत राहत मिलेगी।

मौसूनी द्वीप के निवासियों ने कोलकाता हाईकोर्ट के न्यायाधीशों को इस फैसले के लिए धन्यवाद और साधुवाद दिया है। उनका मानना है कि अब उनके द्वीप का समग्र विकास संभव होगा और वे बार-बार आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रह सकेंगे।

## कुलतली में फिर बाघ का आतंक

**कोलकाता :** दक्षिण परगना जिले के विश्व विख्यात सुंदरबन के वृहत्तर इलाकों में जंगल का उस्ताद कहे जाने वाले बाघ स्थानीय लोगों के लिए विडम्बना बने हुए है। एक बार फिर कुलतली प्रखंड के देउलवाड़ी गांव में एक बार फिर बाघ दिखाई देने से इलाके में दहशत फैल गई है। आज सुबह ग्रामीणों ने पास के जंगल से एक वयस्क बाघ को बस्ती की ओर आते देखा। बाघ के दिखाई देने की खबर तेजी से पूरे गांव में फैल गई, जिससे लोग घबराकर घरों में छिप गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह के वक्त कई मछुआरे नदी किनारे मछली पकड़ने जा रहे थे, तभी उन्होंने बाघ को जंगल से निकलकर गांव की ओर आते देखा। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बाघ को पकड़ने के लिए इलाके में पिंजरे लगाए गए। साथ ही प्रशिक्षित वनकर्मियों की निगरानी में बस्ती और आसपास के क्षेत्रों में खोज अभियान शुरू किया गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे आवश्यक कार्य न होने पर घरों से बाहर न निकलें। इसके अलावा बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। गांव में माइकिंग कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। फिलहाल किसी के घायल होने या किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। वन विभाग का कहना है कि बाघ को पकड़कर सुरक्षित तरीके से जंगल में वापस भेजने की पूरी कोशिश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सुंदरवन के नजदीक बसे इन इलाकों में जंगल और बस्ती के बीच की दूरी लगातार कम हो रही है, जिससे इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आ रही हैं।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने सेविंग अकाउंट धारकों के लिए लॉन्च किया 'उज्जीवन रिवॉर्ड्ज़' कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उज्जीवन एसएफबी) ने 'उज्जीवन रिवॉर्ड्ज' कार्यक्रम के शुरुआत की घोषणा की। यह एक बहु-स्तरीय प्रणाली है, जो ग्राहकों को उनके विभिन्न डिजिटल लेनदेन पर इनाम देने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इस पहल के जरिए बैंक का उद्देश्य ग्राहकों के साथ अपने जुड़ाव को और अधिक मजबूत बनाना और उन्हें आकर्षक व व्यक्तिगत लाभ प्रदान करना है। उज्जीवन रिवॉर्ड्ज कार्यक्रम अपने ग्राहकों को एक शानदार अनुभव प्रदान करता है, जिसके तहत वे कई प्रकार की गतिविधियों पर रिवॉर्ड पॉइंट्स कमा सकते हैं। इनमें खाता खोलना, रिकरिंग डिपॉज़िट करना, बिलों का भुगतान करना, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर पंजीकरण करना और पीओएस, ई-कॉमर्स, यूपीआई, एनईएफटी, आईएमपीएस और आरटीजीएस जैसे डिजिटल लेनदेन शामिल हैं। ग्राहक इन पॉइंट्स को लाइफस्टाइल, शॉपिंग, ट्रैवल और एंटरटेनमेंट जैसी श्रेणियों में आकर्षक वाउचर्स के रूप में रिडीम कर सकते हैं। अर्जित किए गए रिवॉर्ड पॉइंट्स दो वर्षों तक मान्य रहेंगे, जिससे ग्राहकों को उन्हें इकट्ठा करने और उपयोग करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। कम से कम खर्च की सीमा में भी रिवॉर्ड पॉइंट्स की पात्रता और यूपीआई लेनदेन पर पॉइंट्स मिलने जैसी सुविधाएं शामिल कर उज्जीवन रिवॉर्ड्ज को ग्राहकों की आवश्यकताओं और बैंकिंग व्यवहार के अनुसार तैयार किया गया है।

## कैंपस एक्टिववियर ने बंगाल प्रो टी20 लीग 2025 के साथ की साझेदारी

**दुर्गापुर :** कैंपस एक्टिववियर ने बंगाल प्रो टी20 लीग 2025 के आगामी सीजन के लिए टाइटल पार्टनर के रूप में साझेदारी की है, जो क्षेत्रीय खेलों को बढ़ावा देने और सशक्त बनाने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ब्राण्ड का मानना है कि खेल भावनाओं की अभिव्यक्ति एवं बदलाव का शक्तिशाली माध्यम हैं, इस साझेदारी के द्वारा कैंपस ने युवाओं को प्राथमिकता और नए बदलाव को बढ़ावा देने वाले ब्राण्ड के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत बना लिया है। पारम्परिक स्पॉन्सरशिप के दायरे से बढ़कर, यह साझेदारी कैंपस द्वारा देश के युवाओं एवं उभरती प्रतिभा में निवेश को दर्शाती है, जो ब्राण्ड के मूल दृष्टिकोण 'मुव यॉर वे' से प्रेरित है। लीग में मैन्स और वीमेन्स दोनों फोर्मेट होंगे, इसका प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स 3 पर होगा। साथ ही फैनकोड पर इसकी डिजिटल स्ट्रीमिंग भी होगी। कुल मिलाकर यह साझेदारी महत्वाकांक्षी युवा उपभोक्ताओं को सबसे पसंदीदा खेल- क्रिकेट के ज़रिए ब्राण्ड कैंपस के साथ और अधिक मजबूती से जोड़ेगी।

## बेटों ने बुज़ुर्ग पिता को ईंट से पीट-पीटकर मार डाला

❑ **सरकारी योजना की राशि को लेकर थी लालच**

**हावड़ा :** हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर के माझू घोशालबाटी इलाके से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां सरकारी आवास योजना से मिले पैसे को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि बेटों ने मिलकर अपने ही बुज़ुर्ग पिता की ईंट से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

मृतक की पहचान 64 वर्षीय शैल हाज़रा के रूप में हुई है। आरोप है कि शै हाज़रा को सरकारी परियोजना के तहत मकान बनाने के लिए कुछ पैसे मिले थे। उसी पैसे पर उनकी बहुओं और बेटों की नज़र थी। लेकिन जब शै हाज़रा ने पैसा देने से इनकार किया, तो उनकी जान ले ली गई। परिवार के भीतर लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार को यह विवाद हिंसक हो उठा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शैल हाज़रा पर उनके दोनों बेटे, दोनों बहुएं और एक नाती ने मिलकर हमला किया। उन्होंने बुज़ुर्ग को ईंट से बेरहमी से मारा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद बड़ा बेटा फरार हो गया है, जबकि मझला बेटा और दोनों बहुएं पुलिस हिरासत में हैं। जगतबल्लभपुर थाने की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पत्नी ने बताया कि उनके बड़े बेटे ने घटना के बाद घर से भाग लिया, लेकिन मझले बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस घटना ने पूरे माझू घोशालबाटी इलाके को स्तब्ध कर दिया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हत्या की साजिश पहले से रची गई थी या नहीं।

## अमता-2 ब्लॉक के मिट्टी शिल्पकार और कुटीर उद्योग से जुड़े कलाकारों को मिला शिल्पी सहायता कार्ड

**हावड़ा :** पश्चिम बंगाल सरकार की शिल्पी आर्थिक सहायता योजना के तहत हावड़ा जिले के अमता-2 ब्लॉक के लगभग 200 कलाकारों को शिल्पी सहायता कार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर अमता के विधायक सुकांत पाल ने स्वयं कलाकारों के हाथों में यह कार्ड सौंपा।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पहले राज्य में कुटीर उद्योगों से जुड़े कलाकारों के लिए विभिन्न सहायक योजनाएं चलाई जा रही हैं। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में 150 से अधिक मिट्टी शिल्पकार तथा अन्य कुटीर उद्योग से जुड़े कुल 200 कलाकारों को वेस्ट बंगाल आर्टिज़न्स फाइनेंशियल बेनिफिट स्कीम 2024 के अंतर्गत सहायता कार्ड प्रदान किया गया।

**कार्यक्रम में कलाकारों को जिन योजनाओं की जानकारी दी गई उनमें शामिल थीं:**

❑ वेस्ट बंगाल आर्टिज़न्स फाइनेंशियल बेनिफिट स्कीम 2024

❑ स्कीम ऑफ डेथ बेनिफिट फॉर वीवर्स एंड आर्टिज़न्स ऑफ वेस्ट बंगाल

❑ वेस्ट बंगाल भविष्य क्रेडिट कार्ड ब्याज सब्सिडी योजना



विधायक सुकांत पाल ने कहा कि आने वाले दिनों में हर कुटीर उद्योग से जुड़े कलाकार तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

यह कार्यक्रम अमता-2 पंचायत समिति के मीटिंग हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें जिला उद्योग केंद्र के जनरल मैनेजर अभिजीत बनर्जी, अमता-2 ब्लॉक के बीडीओ, पंचायत समिति के अध्यक्ष, विभिन्न कार्याध्यक्षा और जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी उपस्थित थे।

इस पहल से स्थानीय शिल्पकारों में उत्साह का माहौल है और उन्हें उम्मीद है कि अब उनके आर्थिक और सामाजिक विकास को नया आयाम मिलेगा।



डॉ. एस. के. सैनी

# गागरोन का किला

## हमारी अनजानी धरोहर 73

गागरोन का किला राजस्थान के झालावाड़ जिले ाश स्थित है। यह अदभुत किला काली सिंध नदी और आहू नदी के संगम पर स्थित है। इसको इसकी विशिष्ट स्थिति के कारण इसको पहाड़ और जल का दुर्ग भी कहते हैं।

21 जून 2013 को यूनेस्को की हिस्ट्री विरासत में राजस्थान के दिन पांच दुर्गों को सम्मिलित किया गया था उनमें से गैरों का दुर्गा भी एक यह झालावाड़ जिले से 13 किलोमीटर दूर स्थित है।

यह दुर्ग आबिद्या दुर्ग है क्योंकि दो तरफ नदियां बह रही है और तीसरी तरफ पहाड़ी है इसी वजह से कोई इस पर अचानक से आक्रमण नहीं कर सकता। दुर्ग के अंदर कभी 100 से भी ज्यादा मंदिर हुआ करते थे हम मंदिर नहीं उस केले के अंदर महल में छतरियां हैं और राम प्रताप सिंह का महल अचलदास खींची का महल काफी प्रसिद्ध है। कहते हैं कि गागरोन के इस किले में तोते की एक अद्भुत नस्ल पाई जाती है जो कंठी वाला तोता कहलाता है इसके गले मे लाल रंग की कंठी लगी रहती है और यहां तोते भी बेहद बोलने वाले और सामान्य तोतों की तुलना में बड़े होते हैं।



कहते हैं कि जागरण के हिसाब भेजिए दुर्गा को अकबर ने अपने हितेषी पृथ्वीराज राठौड़ को दे दिया था। 13वीं शताब्दी में अलाउद्दीन खिलजी ने इस पर आक्रमण किया था। क्यों किंतु कर दिया था। 1338 से 1368 तक यहां का राम प्रताप सिंह के हाथों में था राव प्रताप सिंह संत प्रवृत्ति के महाराजा था। वे जनता का बहुत ख्याल रखते थे। यह राज पार्टी आज के बाद में संन्यासी बनते हैं और संत टीका कहलाए द्वारका में उनका एक मठ है और यहां किले के पास स्मारक बना हुआ है। किले के पास ही एक और स्मारक है सूफी संत हमीनुद्दीन चिश्ती की दरगाह यहां पर बनी हुई है।

15वीं शताब्दी में गागरोन एक समर्थ और सूत्र किला बन चुका था इसी कारण आसपास के मुस्लिम आक्रमणकारियों के पड़ी और 1439 में मालवा के सुल्तान होशंग शाह ने 40000 की सेना को इकट्ठा करके अन्य राजाओं की मदद से इसपर चढ़ाई की और इसको जीत लिया।

1519 में गैरों का प्रसिद्ध युद्ध हुआ जिसमें राम मेवाड़ के राणा सांगा ने मालवा के खिलजी को द्वितीय को पराजित किया और उसे बंदी बना दिया जाना जाता है इस युद्ध में राणा सांगा ने अद्भुत पराक्रम और कौशल का परिचय दिया। गैरों के एक वीर शासक अचल दास जी ने गुजरात के सुल्तान आलम खान से युद्ध किया और उस समय की किले की वीर नारियों ने जौहर कर दिया था। यह किला बहुत सारी इतिहास के संपत्तियों को समेटे हुए हैं किंतु बहुत कम पर्यटक यहां पर पहुंचते हैं लेकिन जो पास है कल को देखकर ठगे ही रह जाते हैं।

# आज सास बन गयी है बेचारी



ऐसा नहीं कि सास बहू में झगड़े पहले नहीं होते थे लेकिन तब में और अब के झगड़ों में फर्क है जो लाजिमी ही है क्योंकि आज रहन-सहन, सोचने बोलने, सभी बातों में तो वक्त के साथ बदलाव आया है।

बहुओं के नाम पर जो यह नई फसल तैयार हुई है, यह कीटनाशक जहरीली दवाओं में पगी हुई है। बहू के रूप में आज औरत का एक घिनौना स्वरूप उभर कर सामने आता है। पति को वह गुलाम बनाकर रखना चाहती है। वह उसे हर तरह का सुख और ऐशोआराम देने का जरिया मात्र है। बूढ़े या अधेड़ सास ससुर को वह किसी तरह भी सहन नहीं कर सकती। मजबूरी में रखना भी पड़े तो वे उसके लिए नौकरी से ज्यादा अहमियत नहीं रखते।

दरअसल वह इतनी खुदगर्ज और आत्म केंद्रित है कि किसी के लिए कुछ करने जैसी बात उसकी सोच के दायरे में आती ही नहीं। मतलबपरस्ती उसे जरुरत के समय मीठा बोलना सिखाती है लेकिन काम निकलते ही वह अपने असली रंग में आ जाती है।

अहसानफरामोशी उसके खून में रची बसी है। उसके लिए ससुराल वालों ने कितना भी किया हो, उसे अपना हक समझकर स्वीकार कर लेती है मगर अपने कर्तव्यों के बारे में वह भूलकर भी नहीं सोचती।

आज तो उल्टी गंगा ही बह रही है। बुढ़ापे में सासें बहुओं की सेवा करती मिलती हैं। लाड़ली बेटी के मां बाप आजकल इतने सयाने हो गए हैं कि वे ही बेटी को गलत शिक्षा देते हैं। आज किसी भी पढ़ी लिखी लड़की की मां उसे ससुराल में मिल जुल कर रहने की शिक्षा नहीं देती।

सास को दहेज का आकर्षण जरूर रहता है और इसके वीभत्स रूप ने इसे आज अभिशाप ही बना दिया है लेकिन पढ़े लिखे तबके की सास आज इतनी समझ लिए है कि उसे इस विषय को लेकर बहू को कुछ नहीं कहना है। वैसे भी दहेज आजकल लड़की को ही दिया जाता है, घरवालों को नहीं, खासकर उस तबके में जिसका यहां जिक्र है हालांकि बहू आते ही ससुराल की सुविधाओं का इस्तेमाल हक से करती है।

अब ऐसी अपसंस्कृति की उपज आधुनिक बहू सास को खून के आंसू रूलाती है तो इसमें आश्चर्य ही क्या। पहले अगर वह सास का दिल दुखाती थी तो नादानी में अपरिपक्व होने के कारण उसकी गलतियां क्षम्य थी। सास डांट फटकार खूब करती लेकिन तब बहू उसकी अपनी थी और मांजी भी बहू के दिल में धीरे-धीरे डेरा जमा ही लेती।

आज सास से हर पल बेटे को जन्म देने का वह एहसास मानने के बजाए बदला लेती है। उसकी हर चाल, हर दांव, सोचा समझा, नपा तुला है क्योंकि अब वह नादान नहीं, एक पूर्ण वयस्क और काफी हद तक खेली खाई औरत है।अपनी उम्र प्रौढ़ न सही लेकिन वहां तक पहुंचकर जितने अनुभव हो सकते हैं वे सब उसने इधर उधर टी वी, सिनेमा पत्र पत्रिकाओं से हासिल कर लिए हैं।

सास में कोई कमी नहीं होती, यह बात नहीं है लेकिन सच यह है कि आज की सास बहुओं से डरी रहती है। यह एक अत्यंत शोचनीय स्थिति है।

# रसोई-अच्छी गृहिणी के फंडे

घर की व्यवस्था को ठीक ढंग से चलाने के लिए गृहिणी और रसोईघर की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। अब ऐसे में कामकाजी महिला इसके प्रति कितनी गम्भीर है, यह तो स्वयं नारी पर ही निर्भर करता है।

हमने अनेक कामकाजी महिलाओं से जब इस संबंध में पूछा कि आप अपने घर और रसोई के प्रति क्या-क्या ध्यान रखती हैं तो उन्होंने अपने अलग-अलग तरीकों में अपने घर और घर की रसोई को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने की बात बताई।

**प्रस्तुत हैं रसोई घर को स्वच्छ रखने के कुछ टिप्स:-**

रसोई घर में एक तरफ छोटा सा कूड़ादान रखना चाहिए ताकि कोई भी कूड़ा-करकट या साग सब्जी के छिलकों को उसमें डाला जा सके। एकत्र हुए कूड़े को तुरन्त बाहर फेंक देना चाहिए, कूड़ा फेंकते समय कूड़े का उचित स्थान अवश्य देख लें। इससे आपकी रसोई साफ सुथरी रहेगी और कूड़ा भी ठीक जगह डल जायेगा।



रसोईघर में सभी मिर्च-मसालों, दाल इत्यादि के डिब्बों पर उनके नाम लिखे होने चाहिए। चाय-चीनी के डिब्बों पर भी चिट लगाकर उन पर नाम लिख दिया जाये ताकि जिस चीज की आवश्यकता है, उसे पहचानने व उठाने में समय नहीं लगेगा और जल्द ही काम पूर्ण हो जाये तथा असावधानी से हुई हानि से भी बचा जा सके।

रसोईघर में अहम भूमिका निभाने वाला गैस का चूल्हा या आपका स्टोव होता है जिसे साफ सुथरा रखना चाहिए। समय-समय पर गैस चूल्हा व स्टोव को सूती कपड़े से साफ करते रहना चाहिए। जहां आपने गैस का चूल्हा रखा है, उसके पीछे या ऊपर अलमारी आदि नहीं बनी होनी चाहिए। रसोईघर में कामकाज को आसान बनाने के लिये बिजली के एक नहीं बल्कि 3 या चार प्वाइन्ट लगवाने चाहिएं जिससे एक ही सर्किट पर ज्यादा भार न पड़े। ज्यादा भार पड़ने से बिजली के उपकरणों के खराब होने तथा आग भी लग जाने का भय बना रहता है।

रसोई में रोशनी की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए जिससे देर सवेर कामकाज में कोई परेशानी न उठानी पड़े। गैस चूल्हे पर रोशनी आती रहे, इसके लिये एक ट्यूब लाइट और एक बल्ब लगाना चाहिए।

रसोई में शुद्ध व स्वच्छ हवा का आना तथा गर्म हवा का बाहर निकलना भी जरूरी होता है। इसके लिये एक्जास्ट पंखा रसोई की पिछली दीवार में लगाना जरूरी होता है। यदि पंखा न लग सके तो पीछे दीवार में या साइड वाली दीवार में 2 रोशनदान या जंगले अवश्य लगवाने चाहिएं जिनके द्वारा सब्जी आदि बनाने पर उठने वाला मसालों की मिश्रित वाष्प तथा धुआं आसानी से बाहर निकल सके।

भोजन बनाते समय हमेशा सूती और मोटे कपड़े पहनकर ही काम करें। कपड़े न तो बदन से चिपके हुए हों और न ही ढीले हों। गृहिणी जब भोजन बना रही हो और उस वक्त काल बैल बजे या पोस्टमैन चिट्ठी लेकर आ जाये या आपके प्रियतम आ जायें अथवा आपकी कोई सहेली आ जाये तो जल्दबाजी में हड़बड़ाकर ऐसे में कभी रसोई का कामकाज अधूरा छोड़कर नहीं जायें। धैर्यपूर्वक गैस चूल्हा बन्द कर और सामान संभालकर ही रसोई से निकलें। तब जाकर दरवाजा खोलें और स्वागत करें।

रसोई घर में तेज धार वाले चाकू या छुरी आदि भी अलमारी में बच्चों की पहुंच से दूर रखें ताकि बच्चे तेज धार वाले उपकरण से खेल-खेल में चोट न मार लें जो आपके लिये एक परेशानी पैदा कर सकता है।

रसोई घर में गैस पर कार्य करने से पहले तथा बाद में सिलेन्डर देखें और उसका रेगुलेटर चैक कर लें तथा इस्तेमाल होने के बाद में तुरन्त रेगुलेटर बन्द कर दें। इससे आपकी गैस की बचत भी होगी और व्यर्थ में गैस लीक भी नहीं होगी तथा दुर्घटना की संभावना भी नहीं होगी।

समय-समय पर गैस चूल्हे की सफाई व बारीकी से गैस पाइप की नली, चूल्हे और बर्नर को चैक करके ठीक करवाती रहें। इससे गैस लीक का पता भी चलता रहेगा और दुर्घटना का अंदेशा बिलकुल नहीं रहेगा। गृहिणी अपनी रसोई को हर हते पूरी तरह साफ करती रहें। इससे जहां आपके सुन्दर घर की शान आपकी छोटी सी रसोई होगी, वहीं आप भी पास-पड़ोस में अच्छी गृहिणी कहलाने की हकदार होंगी जो आपके व्यक्तित्व में और अधिक चांद लगा देगा और आप को अपने पर गर्व महसूस होगा। (उर्वशी

# कहीं आप भटक तो नहीं रहीं?

## अभिभावकों के लिए

* अभिभावकों को चाहिए कि वे लड़कियों को समझें और इस ढंग से निर्देशित करें कि उनके व्यक्तित्व का स्वस्थ और संतुलित विकास हो।
* अनावश्यक रोक-टोक या डांट-डपट उचित नहीं। लड़की से एक मित्र की तरह प्रेम व सहानुभूति का व्यवहार करें तथा एक आदर्श अभिभावक बन कर दिखायें।
* लड़कियों की किशोरावस्था व तरूणावस्था की समस्याएं जैसे मासिक धर्म, हस्तमैथुन, विपरीत सेक्स का आकर्षण, नासमझी का प्यार, श्वेत प्रदर, खुजली आदि पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण देकर उनका मार्गदर्शन करें।
* लड़की को समझा दें कि बढ़ती उम्र के साथ उसमें मातृत्व क्षमता भी आ गयी है। लड़की में वैवाहिक मूल्यों के प्रति आस्था उत्पन्न करें और उसे हर हाल में पुरूष संसर्ग से बचने की सलाह दें।
* यदि लड़की भटक जाये, तो धैर्य से काम लें। मार-पीट या डांट डपट समस्या का हल नहीं। उसे अच्छे बुरे का ज्ञान करायें। उसके मन की टोह लें और एक मित्र की तरह उसका मार्गदर्शन करें।



## लड़कियों के लिए

* पुरूषों के सामने अपनी गौरव गरिमा बनाये रखें। अपने आत्म-सम्मान को कभी न गिरने दें। अपने आप को कभी भी दुर्बल या असहाय न समझें। दूरदर्शिता से कार्य लें।
* पुरूषों को 'चुग्गा' डालने वाली या भावनाएं बनाने वाली बातों से बचें। अपनी परेशानियों या अभावों का रोना न रोती फिरें।
* किसी से एकांत में विपरीत सेक्स की बातें करना या अधिक समय तक रहना ठीक नहीं भले ही वह आपके पिताजी की उम्र के हों।
* पुरूषों से केवल सहज मेलजोल ही रखें। अश्लील किस्से, कहानियां या प्रेम व यौन संबंधों की कहानियां विपरीत सेक्स वालों से न सुनें।
* बेढंगी चाल, अनावश्यक मेकअप, अशिष्ट अभद्र व्यवहार, उत्तेजक पहनावा, गलत किस्म के लोगों को आकर्षित करता है, इससे बचें।
* बदनाम, दुष्चरित्र महिलाओं व लड़कियों से मित्रता रखना ठीक नहीं। इनके व्यक्तित्व की पहचान आप उनकी बातचीत व कार्यकलापों से कर सकती हैं।
* आपको हजारों प्रेमी मिल जायेंगे। अपने आप को सस्ता न बनने दें। तथाकथित प्रेमियों से बचें। झूठे प्रेम के पचड़े में पड़कर स्वयं को पथभ्रष्ट होने से बचायें।
* व्यस्त रहें, अपने खाली समय का उपयोग सुरूचिपूर्ण साहित्य पढ़ने या रचनात्मक कार्य में लगायें।

किशोरावस्था या तरूणावस्था की उम्र ऐसी होती है जिसमें विपरीत सेक्स का आकर्षण अधिक होता है। चतुर पुरूष लड़के, लड़कियों की इस भावना का फायदा उठाते हैं। यह अवस्था होती ही ऐसी है जो कुछ भी देखती नहीं और परिणाम सोचती नहीं। किशोर उम्र का लड़का हो या युवा, अधेड़ उम्र का व्यक्ति या घर परिवार, दुकान, स्कूल या बाहर अक्सर मिलने, टकराने या उपलब्ध रहने वाला परिचित या अपरिचित व्यक्ति जिसने भी पहल की, कच्ची उम्र में वही पैर पसारना शुरू कर दिये और चल पड़ा एक कथित प्यार का सिलसिला।

आजकल के पुरूष या लड़के किसी लड़की के गुणों से नहीं बल्कि उसके रूप व यौवन से प्रभावित होकर लड़कियों से प्रेम व यौन संबंध बनाते हैं।

फिर अपना स्वार्थ निकाल कर लड़की को दुष्चरित्र या 'बासी चीज' बताने में भी नहीं चूकते। ऐसे तथाकथित प्रेमियों की भी कमी नहीं जो लड़की को अपने दोस्तों के सामने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष ढंग से परोस देने से भी नहीं चूकते तथा लड़की को ब्लैकमेल कर फंसाए रखना चाहते हैं।

प्यार के नाम पर घर से भगा ले जाने, झूठे ब्याह रचाने, वेश्यावृत्ति कराने अथवा लड़कियों को बेच देने के किस्से अक्सर प्रकाश में आते रहते हैं तथा लड़कियां वेश्यावृत्ति या आत्महत्या करने के लिए विवश हो जाती हैं। लड़कियों को नौकरी या रोजगार दिलाने या कुछ मदद करने या प्रेम या ब्याह के नाम पर यौन शोषण की घटनाएं आम बात हैं।

दुर्भाग्य से कुछ स्वार्थी महिलायें भी लड़कियों का शोषण कराने में अथवा शोषण से उत्पन्न समस्याओं को बड़ी कुशलता से शांत करने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कई महिलायें लड़कियों से घुल-मिल कर उनकी भावनाओं पर सहानुभूति का मरहम लगा कर उनसे उनके दिल की बात पूछ लेती हैं तथा जिन्दगी में उन्हें रूला (बदनाम) कर छोड़ती हैं जिसका परिणाम लड़कियों को ही भुगतना पड़ता है। भटकी हुई या बदनाम लड़की को हर कोई दूसरी नजर से देखता है।

* विक्की

# अधिक साहसी कौन

चन्द्रशेखर नगर में रत्नदत्त नाम का एक सेठ रहता था। उसके एक लड़की थी। उसका नाम था उन्मादिनी। जब वह बड़ी हुई तो रत्नदत्त ने राजा के पास जाकर कहा कि आप चाहें तो उससे ब्याह कर लीजिए। राजा ने तीन दासियों को लड़की को देख आने को कहा। उन्होंने उन्मादिनी को देखा तो उसके रुप पर मुग्ध हो गयीं, लेकिन उन्होंने यह सोचकर कि राजा उसके वश में हो जायेगा, आकर कह दिया कि वह तो कुलक्षिणी है राजा ने सेठ से इन्कार कर दिया।

इसके बाद सेठ ने राजा के सेनापति बलभद्र से उसका विवाह कर दिया। वे दोनों अच्छी तरह से रहने लगे।

एक दिन राजा की सवारी उस रास्ते से निकली। उस समय उन्मादिनी अपने कोठे पर खड़ी थी।



राजा की उस पर निगाह पड़ी तो वह उस पर मोहित हो गया। उसने पता लगाया। मालूम हुआ कि वह सेठ की लड़की है। राजा ने सोचा कि हो-न-हो, जिन दासियों को मैंने देखने भेजा था, उन्होंने छल किया है। राजा ने उन्हें बुलाया तो उन्होंने आकर सारी बात सच-सच कह दी। इतने में सेनापति वहाँ आ गया। उसे राजा की बैचेनी मालूम हुई। उसने कहा, स्वामी उन्मादिनी को आप ले लीजिए। राजा ने गुस्सा होकर कहा, क्या मैं अधर्मी हूँ, जो पराई स्त्री को ले लूँ?

राजा को इतनी व्याकुलता हुई कि वह कुछ दिन में मर गया। सेनापति ने अपने गुरु को सब हाल सुनाकर पूछा कि अब मैं क्या करूँ? गुरु ने कहा, सेवक का धर्म है कि स्वामी के लिए जान दे दे।

राजा की चिता तैयार हुई। सेनापति वहाँ गया और उसमें कूद पड़ा। जब उन्मादिनी को यह बात मालूम हुई तो वह पति के साथ जल जाना धर्म समझकर चिता के पास पहुँची और उसमें जाकर भस्म हो गयी।

इतना कहकर बेताल ने पूछा, राजन्, बताओ, सेनापति और राजा में कौन अधिक साहसी था?

राजा ने कहा, राजा अधिक साहसी था; क्योंकि उसने राजधर्म पर दृढ़ रहने के लिए उन्मादिनी को उसके पति के कहने पर भी स्वीकार नहीं किया और अपने प्राणों को त्याग दिया। सेनापति कुलीन सेवक था। अपने स्वामी की भलाई में उसका प्राण देना अचरज की बात नहीं। असली काम तो राजा ने किया कि प्राण छोड़कर भी राजधर्म नहीं छोड़ा।

राजा का यह उत्तर सुनकर बेताल फिर पेड़ पर जा लटका। राजा उसे पुन: पकड़कर लाया और तब उसने यह कहानी सुनायी।

# हिन्दी की कार्यशाला : शिक्षकों एवं छात्रों हेतु एक आवश्यक संबल



त्रिलोक नाथ पांडेय

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (नई शिक्षा नीति - एनईपी) ने भारत की शैक्षणिक संरचना में एक नव-चेतना का संचार किया है, जिसमें मातृभाषा एवं भारतीय भाषाओं की प्रतिष्ठा और पुन:स्थापना का संकल्प स्पष्ट रूप से उद्घोषित है। इस आल-ोक में हिन्दी की कार्यशालाएँ केवल औपचारिक प्रशिक्षण सत्र नहीं रह जातीं, अपितु एक सृजनशील, संवेदनशील एवं संस्कृतिपरक पुनर्निर्माण की दिशा में अत्यन्त महत्वपूर्ण मंच बन जाती हैं।

**हिन्दी की कार्यशाला : आत्मविकास से राष्ट्रविकास की ओर**

हिन्दी मात्र एक भाषा नहीं, भारतीय आत्मा की मुखर वाणी है। जब शिक्षक हिन्दी के गहन अध्येता बनते हैं, और छात्र उसके रसास्वादन में रत होते हैं, तब ज्ञान का संप्रेषण यांत्रिक प्रक्रिया न होकर एक जीवंत सांस्कृतिक संवाद बन जाता है। हिन्दी की कार्यशालाएँ इस संवाद को दिशा देती हैं, शब्दों को भाव देती हैं, और शिक्षण को संवेदना से जोड़ती हैं।

**एनईपी और मातृभाषा का समन्वय**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का केन्द्रीय सूत्र वाक्य यही है कि शिक्षा वही जो जड़ों से जुड़े। इस नीति के अनुसार, प्राथमिक स्तर की शिक्षा मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा में देने पर विशेष बल दिया गया है। ऐसे में हिन्दी की कार्यशालाएँ शिक्षक को इस भाषिक संक्रमण के लिए तैयार करती हैं-उन्हें केवल व्याकरण और पाठ योजना की जानकारी ही नहीं देतीं, अपितु हिन्दी के सौंदर्यबोध, अभिव्यक्तिपरक क्षमता, और सांस्कृतिक दृष्टिकोण को भी समृद्ध करती हैं।

**शिक्षक : केवल अध्यापक नहीं, भाषा के संवाहक**

एक शिक्षक केवल विषयवस्तु का संप्रेषक नहीं होता, वह उस भाषा का संवाहक होता है जिसमें वह पढ़ा रहा है। हिन्दी की कार्यशालाओं में शिक्षक केवल भाषा नहीं सीखते-वे भाषा को जीना सीखते हैं। उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है कि कैसे कविता को केवल पाठ न मानकर अनुभव के रूप में प्रस्तुत करें, कैसे व्याकरण को भय नहीं बल्कि खेल और तर्क के रूप में छात्रों के समक्ष रखें, और कैसे हर पाठ में मूल्य, संवेदना और समकालीनता का समन्वय करें।

**छात्र : भाषा से जुड़कर आत्मबोध की ओर**

हिन्दी की कार्यशालाओं में जब छात्र सहभागी बनते हैं (विशेष रूप से उच्च कक्षाओं में), तो वे केवल एक भाषा नहीं सीखते, बल्कि स्वयं को पहचानते हैं। वे अपने परिवेश, अपनी संस्कृति, अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। भाषा उनकी आत्माभिव्यक्ति का माध्यम बनती है और वे रचनात्मक लेखन, वाद-विवाद, नाट्य, कविता पाठ आदि के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारते हैं।

**कार्यशालाओं का बहुआयामी स्वरूप**

आज की हिन्दी कार्यशालाएँ एक बहुआयामी मंच बन चुकी हैं-इनमें निम्नलिखित पहलुओं पर कार्य होता है: नवीन शिक्षण विधियाँ: गतिविधि आधारित शिक्षण, कथावाचन, सृजनात्मक लेखन आदि।

प्रौद्योगिकी का समावेश: डिजिटल उपकरणों, ए.आई., ई-कंटेंट आदि का समुचित उपयोग।

मूल्यपरक शिक्षा: हिन्दी साहित्य के माध्यम से नैतिक मूल्यों का संवहन।

बहुभाषी सेतु निर्माण: हिन्दी को अन्य भाषाओं के साथ जोड़ने की कलात्मक दृष्टि।

**हिन्दी कार्यशाला : भाषा से अधिक, संस्कार की भूमि**

इन कार्यशालाओं में शिक्षक और छात्र दोनों ही भाषा को केवल माध्यम नहीं मानते, बल्कि उसे अपने विचार, संस्कृति और भविष्य निर्माण का साधन समझते हैं। यह कार्यशाला केवल कक्षा-कक्ष की सीमाओं में नहीं रहती, बल्कि वह शिक्षण को जीवन से जोड़ती है, और भाषा को व्यवहारिकता से।

**उपसंहार : हिन्दी की कार्यशाला एक राष्ट्रीय दायित्व**

वर्तमान शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में हिन्दी की कार्यशाला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया का संवेदनशील, सशक्त और संस्कारित आधार है। शिक्षक इसमें भाग लेकर शिक्षण को सृजन बनाते हैं और छात्र सहभागिता से अधिगम को आनन्द में रूपांतरित करते हैं।


इसलिए, हिन्दी की कार्यशालाएँ समय की पुकार हैं-वे शिक्षकों को भावबोध से जोड़ती हैं और छात्रों को आत्मबोध से। नई शिक्षा नीति के सन्दर्भ में यह अनिवार्य हो गया है कि हिन्दी की कार्यशालाओं को प्राथमिकता दी जाए, क्योंकि भाषा का सशक्त शिक्षण ही राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करता है।

लेखक परिचय: डॉ. त्रिलोक नाथ पाण्डेय, प्रख्यात शिक्षाविद, कवि, कार्यशाला विशेषज्ञ एवं पत्रकार हैं। हिन्दी शिक्षण एवं नवा-चार के क्षेत्र में आपकी भूमिका राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित है।

# मुंहासे : नो प्राब्लम

गर्मियों के दौरान तेज धूप होने के कारण अधिकांश लोगों के चेहरे पर मुंहासे आ जाते हैं। इसके लिए सबसे आसान है खूब पानी पिएं, चेहरा ताजे पानी से साफ करें और फाइबर युक्त भोजन खाएं।

## इसके अतिरिक्त मुंहासों से बचने के लिए और क्या करें :-



* आइसक्रीम, चाकलेट, केक, पिजा,पेस्ट्री का सेवन मुंहासों की समस्या को बढ़ाने में मदद करते हैं। इसलिए इन चीजों का सेवन न करें। चीनी, मैदा आदि से बने खाद्य पदार्थ भी न खाएं।
* अधिक चिकनाई और वसा युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें।
* रेशेदार भोज्य पदार्थों का सेवन अधिक करें। गर्मियों में खरबूजा, तरबूज, ककड़ी, खीरा खूब खाएं। इसके अतिरिक्त रसदार फल भी खाएं।
* कैंज बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।

गर्मियों में पसीना आने से अधिक मात्रा में धूल और गंदगी चेहरे पर जम जाती है, इसलिए प्रतिदिन चेहरे को सौम्य फेसवाश से धोएं। चेहरे के रोमछिद्रों को खोलने के लिए 10-12 दिन बाद स्क्रब का प्रयोग करें।

* गर्मियों में जेल वाला माश्चरा-इजर लगाएं ताकि ज्यादा चिकनाई से मुंहासे न निकलें।
* मुंहासों को न छुएं, इससे इंफेक्शन बढ़ने का खतरा रहता है।
* चेहरे पर साफ हाथ लगाएं ताकि हाथों की गंदगी से उन्हें बढ़ावा न मिलें। व्यायाम नियमित करें ताकि रक्त प्रवाह सुचारू रहे और ताजी हवा फेफड़ों से अंदर जा सके।

## न्यूज इन ब्रीफ

### महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 53 नए मामले सामने आए, मृतकों की संख्या 27 हुई

**मुंबई :** महाराष्ट्र में शनिवार को कोरोना वायरस के 53 नए मामले सामने आए, जिससे इस साल सामने आए कुल मामलों की संख्या 1,967 हो गई, जबकि दो कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो जाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन नए मामलों में से 24 मुंबई में, 11 पुणे शहर में, पांच ठाणे में, तीन पिंपरी चिंचवाड़ (पुणे के पास), सांगली शहर, जिले के ग्रामीण हिस्सों, नागपुर शहर और पुणे जिले में दो-दो तथा नवी मुंबई टाउनशिप और रायगढ़ जिले में एक-एक मामला सामने आया। इसमें कहा गया है कि शुक्रवार से दो मौतें हुई हैं, जिससे इस वर्ष राज्य में कुल मृत्यु संख्या 27 हो गई है। मृतकों में से 26 अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे।

### नागपुर: शादी समारोह में भोजन के बाद खाद्य विषाक्तता से 34 लोग बीमार, 11 की हालत गंभीर

**नागपुर :** नागपुर में एक शादी समारोह में भोजन करने के बाद संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के कारण 34 लोग बीमार हो गए। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार को भिवापुर में हुई और 11 लोगों की हालत गंभीर है। अधिकारी ने बताया, सुबह करीब तीन बजे उन्हें उल्टी और पेट दर्द होने लगा। 11 गंभीर मरीजों को उपचार के लिए नागपुर में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य को भिवापुर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विधायक संजय मेश्राम ने पीड़ितों से मिलने और स्थिति का जायजा लेने के लिए अस्पताल का दौरा किया। अधिकारी ने बताया कि भिवापुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।


### बिहार : राजद के प्रदेश अध्यक्ष पद पर ओबीसी नेता मंगनी लाल मंडल का निर्वाचित होना लगभग तय

**पटना :** अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के नेता मंगनी लाल मंडल का राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की बिहार इकाई का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। उन्होंने शनिवार को राजद संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद की उपस्थिति में पार्टी कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। राज्य के पूर्व मंत्री और संसद के दोनों सदनों में सदस्य रह चुके मंडल ने इस साल जनवरी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू)से नाता तोड़कर राजद में वापसी की थी। राजद प्रवक्ता और संगठनात्मक चुनाव के लिए नियुक्त निर्वाचन अधिकारी चितरंजन गगन के मुताबिक, दोपहर में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने तक इस पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वाले मंडल एकमात्र उम्मीदवार हैं। गगन ने कहा, ''कल नामांकन पत्रों की जांच की तारीख है और यदि नामांकन पत्र सही पाए गए तथा मंडल चुनाव से पीछे नहीं हटे, तो उन्हें 19 जून को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित कर दिया जाएगा।''

### अस्पताल ने व्यक्ति को मृत घोषित किया, अंतिम संस्कार की तैयारी करते समय जग गया

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर के एक अस्पताल के एक चिकित्सक द्वारा मृत घोषित किया गया व्यक्ति उस समय जग गया जब उसका परिवार उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने शनिवार को बताया कि पीलिया से पीड़ित अभिमन्यु तायडे को बेचैनी की शिकायत के बाद स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। परिजनों ने बताया कि अस्पताल के डॉक्टर ने मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया, जिसके बाद परिवार ने उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी, इसी दौरान अभिमन्यु तायडे जाग गए। अस्पताल के एक डॉक्टर ने अपनी गलती स्वीकार की, लेकिन दावा किया कि उन्होंने ''मानवीय आधार'' पर मृत्यु प्रमाण पत्र दिया था, जब परिवार ने स्वयं बताया था कि तायडे की मौत हो गई है। तायडे फिलहाल दूसरे अस्पताल में उपचाराधीन हैं। अस्पताल की लापरवाही के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी, यह जानने के लिए उल्हासनगर नगर निगम के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

# पहलगाम हमले के बाद बंद किए गए पर्यटक स्थलों को चरणबद्ध तरीके से खोला जा रहा: उपराज्यपाल सिन्हा



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा कारणों से बंद किए गए पर्यटक स्थलों के उद्यानों को चरणबद्ध तरीके से फिर से खोला जा रहा है, ताकि पर्यटक उन स्थलों पर घूम सकें। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 17 जून से कुछ गंतव्यों को फिर से खोला जाएगा। सिन्हा ने कहा, सुरक्षा कारणों से 22 अप्रैल (हमले) के बाद कुछ स्थानों को बंद कर दिया गया था। कश्मीर व जम्मू के संभागीय आयुक्तों व पुलिस महानिरीक्षकों ने हर जिले से रिपोर्ट ली है और चरणबद्ध तरीके से कुछ स्थलों को फिर से खोलने का फैसला किया गया है। उपराज्यपाल दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के नुनवान आधार शिविर का दौरा करने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। सिन्हा ने बताया कि पहले चरण में जिन स्थलों को पर्यटकों के लिए फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है, उनमें प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में बीताब घाटी और पहलगाम बाजार के पास के पार्क, अनंतनाग जिले में वेरीनाग, कोकेरनाग और अचबल उद्यान शामिल हैं। श्रीनगर में बादामवारी पार्क, निगीन के पास डक पार्क और हजरतबल के पास तकदीर पार्क को भी पहले चरण में फिर से खोला जाएगा। सिन्हा ने कहा, कठुआ में सरथल व धग्गर, रियासी में देवीपिंडी, सियाद बाबा व सुला पार्क, डोडा में गुलदांडा व जय घाटी, और उधमपुर में पंचेरी को भी पहले चरण में फिर से खोला जा रहा है। ये सभी जम्मू क्षेत्र में हैं।

## विमान दुर्घटना का वीडियो बनाने वाले लड़के ने पुलिस के सामने बयान दर्ज कराया

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद पुलिस ने विमान दुर्घटना का मोबाइल फोन से वीडियो बनाने वाले 17 वर्षीय लड़के का बयान दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार यह जानकारी दी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। अहमदाबाद अपराध शाखा ने एक विज्ञप्ति में पुष्टि की कि किशोर का बयान गवाह के तौर पर दर्ज किया गया है। आर्यन नियमित तौर पर, उड़ान भरने वाले विमान का वीडियो बनाता है, लेकिन दुर्भाग्य से इस वीडियो में सबसे बुरी विमान दुर्घटनाओं में से एक दुर्घटना कैद हो गई। बृहस्पतिवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना हुआ विमान सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर की इमारत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में विमान में सवार 242 में से 241 यात्रियों और कई अन्य लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इस अटकल को भी खारिज कर दिया कि वीडियो के सिलसिले में उसे हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने कहा, ''इस वीडियो को बनाने के लिए किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। मोबाइल वीडियो की स्क्रीन रिकॉर्डिंग वायरल हुई है। वीडियो बनाने वाले नाबालिग ने पुलिस को वीडियो का विवरण दिया है। वह अपने पिता के साथ गवाह के तौर पर बयान दर्ज कराने आया था। फिर लड़के को उसके पिता के साथ भेज दिया गया। किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, न ही हिरासत में लिया गया है। आर्यन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दुर्घटना रिकॉर्डिंग शुरू करने के 24 सेकेंड बाद हुई। उन्होंने कहा, ''मैंने जो कुछ देखा, उससे मैं बहुत डर गया। मेरी बहन ने सबसे पहले मेरा वीडियो देखा और पिता को जानकारी दी। मुझे नहीं पता था कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो जाएगा।

### वडोदरा के ईसाई समुदाय के स्वयंसेवक शवों को ले जाने के लिए 120 ताबूत बनाएंगे

**वडोदरा (गुजरात) :** ईसाई समुदाय के स्थानीय स्वयंसेवक अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों को उनके परिवारों तक सम्मानजनक तरीके से पहुंचाने के लिए लकड़ी के 120 ताबूत बनाने में अथक परिश्रम कर रहे हैं। ताबूत बनाने वाले अर्देश और उनके पिता मेल्विन राजवाड़ी के नेतृत्व में टीम ने शनिवार दोपहर तक 25 ताबूत तैयार कर लिए हैं। इस कार्य में शामिल लोगों ने बताया कि स्वयंसेवक अपने पैसे से सामग्री खरीद रहे हैं और वे उत्पादन लागत से एक रुपया भी अधिक नहीं लेंगे। अर्देश राजवाड़ी ने कहा, ''एअर इंडिया ने हमसे संपर्क किया और विमान दुर्घटना के पीड़ितों के शवों (जो वर्तमान में अहमदाबाद सिविल अस्पताल के शवगृह में रखे हैं) को ले जाने के लिए 120 ताबूतों का ऑर्डर दिया। हमने शुक्रवार रात नौ बजे काम शुरू किया और शनिवार दोपहर तक 25 ताबूत तैयार किये। हम आज रात तक 50 ताबूत तैयार कर लेंगे और कंपनी को सौंप देंगे।''

### पत्नी की अस्थियां विसर्जित करने आए शख्स की एअर इंडिया विमान दुर्घटना में मौत



**अमरेली (गुजरात) :** ब्रिटेन में रहने वाले अर्जुन पटोलिया अपनी पत्नी की अस्थियों को नर्मदा नदी में विसर्जित करने के लिए भारत आए थे। उन्हें नहीं पता था कि यह उनके परिवार के लिए उनका आखिरी कर्तव्य होगा। अर्जुन बृहस्पतिवार को एअर इंडिया विमान दुर्घटना के 241 पीड़ितों में से एक थे, जिससे उनकी चार और आठ साल की दो बेटियां अनाथ हो गईं। बमुश्किल दो सप्ताह पहले ही अर्जुन की पत्नी भारती का लंबी बीमारी के बाद लंदन में मौत हो गई थी। गुजरात के अमरेली जिले के वडिया गांव के अर्जुन (36) अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ लंदन में रह रहे थे। अर्जुन के भाई संजय पटोलिया ने बताया, ''दो सप्ताह पहले भारती की लंदन में बीमारी के कारण मौत हो गई।'' उन्होंने बताया, ''अपनी पत्नी की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए, उनकी अस्थियों को नर्मदा नदी में विसर्जित करने के लिए, मेरे भाई ने लंदन में उनका अंतिम संस्कार किया और कुछ दिन पहले भारती की अस्थियों को लेकर भारत आए।'' वडोदरा के पास रस्में पूरी करने के बाद, अर्जुन बृहस्पतिवार को विमान में सवार होने के लिए अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। संजय ने रुंधे स्वर में कहा, ''विमान के उड़ान भरने के तुरंत बाद, हमें दुर्घटना की खबर मिली। हम टूट चुके हैं।'' इस क्रूर घटनाक्रम से दोनों छोटी बहनें बेसहारा हो गई हैं। अर्जुन की यात्रा उनके परिवार के लिए दुख का एक नया अध्याय लेकर आई। संजय ने कहा, ''उनकी दोनों बेटियां इस समय लंदन में हमारे करीबी रिश्तेदार के पास हैं।''

## प्रधानमंत्री मोदी 20 जून को तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे, भुवनेश्वर में रोड शो करेंगे



**भुवनेश्वर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को ओडिशा में भाजपा की पहली सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने से पहले तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे और एक रोड शो करेंगे। एक वरिष्ठ मंत्री ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की सरकार ने यद्यपि 12 जून को अपना एक वर्ष पूरा कर लिया, लेकिन प्रशासन एक सप्ताह तक जश्न मना रहा है, जिसका समापन 20 जून को प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ होगा। मोदी पिछले साल ओडिशा में माझी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। पंचायती राज और पेयजल मंत्री रबी नारायण नाइक ने यहां संवाददाताओं को बताया, प्रधानमंत्री का बिहार से दोपहर करीब तीन बजे यहां हवाई अड्डे पर पहुंचने का कार्यक्रम है। वह तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे और भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जनता मैदान तक रोड शो का नेतृत्व करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि समारोह के तहत मोदी एक बड़ी सभा को संबोधित करेंगे और ओडिशा की भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालेंगे। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में तैयारी बैठक में शामिल एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि वह राज्य के विकास की योजनाओं पर भी जानकारी दे सकते हैं। बैठक में माझी, ओडिशा भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल, उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और प्रवती परिदा तथा अन्य उपस्थित थे। मोदी वर्ष 2036 और 2047 के लिए ओडिशा के दृष्टिपत्र का भी अनावरण करेंगे। राज्य 2036 में अपने गठन के 100 वर्ष पूरे करेगा जबकि 2047 भारत की स्वतंत्रता का 100वां वर्ष होगा।

### ओडिशा-झारखंड सीमा पर नक्सल रोधी अभियान के दौरान विस्फोट में सीआरपीएफ अधिकारी की मौत

**भुवनेश्वर/चाईबासा :** ओडिशा-झारखंड सीमा पर शनिवार को नक्सल रोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले एएसआई सत्यवान कुमार सिंह (34) उस टीम का हिस्सा थे जो 27 मई को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में एक पत्थर खदान के पास से माओवादियों द्वारा लूटे गए विस्फोटकों की तलाश में सारंडा जंगल में तलाश अभियान चला रही थी। इसने बताया कि ओडिशा पुलिस, झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम का तलाश अभियान जारी था और इसी दौरान आईईडी विस्फोट हुआ।

## मध्यप्रदेश के बालाघाट में पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली मारे गए

**बालाघाट (मप्र) :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि शनिवार को बालाघाट जिले के एक वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत चार नक्सली मारे गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक ग्रेनेड लांचर, एक 'सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर)', दो '.315 बोर राइफल', अन्य हथियार और सामग्री भी बरामद की गयी है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राज्य ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है।'' उन्होंने कहा, ''एक पुरुष एवं तीन महिला सशस्त्र नक्सलियों को पचामादादर एवं कटेझिरिया के जंगल में हॉकफोर्स, जिला बल एवं सीआरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में मार गिराया गया है।'' उन्होंने नक्सलियों के सफाये के लिए पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि तलाशी अभियान अब भी जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री यादव ने कहा,''इस सफलता के लिए हमारे अदम्य साहसी जवानों और राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को हार्दिक बधाई।'' बालाघाट जोन के पुलिस महानिरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि मारे गये नक्सलियों की पहचान के प्रयास जारी हैं।

## एएसआई से रथयात्रा के दौरान जगन्नाथ मंदिर रत्न भंडार की मरम्मत का काम पूरा करने का आग्रह

**भुवनेश्वर :** पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के प्राधिकारियों ने एएसआई से आग्रह किया है कि आगामी रथ यात्रा उत्सव के दौरान पुरी स्थित मंदिर के रत्न भंडार (कोषागार) में मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाए। इस उत्सव के दौरान भगवान नौ दिन तक दूसरे मंदिर में विराजमान रहेंगे। बारहवीं सदी के मंदिर के संरक्षक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जुलाई 2024 में रत्न भंडार की मरम्मत शुरू की थी। उस समय इसे 46 साल बाद फिर से खोला गया था। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढी ने एक पत्र में एएसआई के महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत से रत्न भंडार के संरक्षण और मरम्मत कार्य में तेजी लाने का अनुरोध किया। पाढी ने पत्र में कहा कि आगामी रथ यात्रा के दौरान 28 जून से छह जुलाई के बीच शेष कार्य पूरा कर लिया जाना चाहिए। रथ उत्सव 27 जून को आयोजित किया जाएगा। वार्षिक रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ अपने भाई-बहनों बलभद्र और सुभद्रा के साथ मंदिर से गुंडिचा मंदिर की यात्रा पर निकलते हैं, जिसे उनकी मौसी का घर माना जाता है और वह कुछ दिन वहां रहने के बाद लौटते हैं। देवता सजे-धजे रथों में यात्रा करते हैं, जिन्हें हजारों भक्त खींचते हैं। पिछले साल रथ यात्रा उत्सव के समय देवताओं की अनुपस्थिति में भी रत्न भंडार खोला गया था। आईएएस अधिकारी पाढी ने एएसआई को यह भी सूचित किया कि जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह को लेकर उत्सव के दौरान एजेंसी द्वारा निर्धारित निरीक्षण कार्य उप निदेशक या निदेशक रैंक के अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए। उन्होंने 'अरुण स्तम्भ' के पास खोंडालाइट पत्थर को बदलने और कीमती खजाने को संरक्षित करने के लिए आज तक किए गए काम के लिए एएसआई का आभार व्यक्त किया। 'अरुण स्तम्भ' सूर्य देव के सारथी 'अरुण' का प्रतिनिधित्व करने वाली एक अखंड चट्टान है जिसे पुरी में जगन्नाथ मंदिर के सामने रखा गया है। पाढी ने कहा कि मंदिर के उत्तरी द्वार पर रैंप का निर्माण उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद एएसआई की देखरेख में पूरा किया गया।

## रूपाणी के निधन पर राजकोट में शोक, स्कूल और वाणिज्य प्रतिष्ठान रहें बंद

**राजकोट :** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की अहमदाबाद विमान दुर्घटना में निधन के बाद उनके गृह नगर राजकोट में शोक का माहौल है और उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए शनिवार को शहर के स्कूल और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहे। राजकोट से ही रूपाणी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के सामान्य कार्यकर्ता के तौर पर अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। वह राजकोट पश्चिम से दो बार पार्षद, शहर के महापौर, विधायक और फिर 2016 से 2021 के बीच दो बार मुख्यमंत्री बने। रूपाणी के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए राजकोट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने शुक्रवार को व्यापारियों, दुकानदारों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के मालिकों से शनिवार दोपहर तक अपने व्यवसाय बंद रखने की अपील की थी। इस आह्वान का सम्मान करते हुए राजकोट शहर में व्यवसाय और प्रतिष्ठान तथा 600 निजी एवं अनुदान प्राप्त स्कूल दोपहर तक बंद रहे।

### जम्मू-कश्मीर में आप के एकमात्र विधायक ने उमर सरकार से समर्थन वापस लिया

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी (आप) के एकमात्र विधायक मेहराज मलिक ने शनिवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) नीत सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा की। मलिक द्वारा समर्थन वापस लेने से सरकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के पास स्वयं बहुमत है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सरकार में 90 सीटों वाली विधानसभा में नेकां के 42 विधायक और कांग्रेस के छह विधायक हैं। इसके अलावा सरकार को पांच निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त है। आम आदमी पार्टी के विधायक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' मैं, डोडा से विधायक मेहराज मलिक, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से अपना समर्थन वापस लेता हूं। यह निर्णय जम्मू-कश्मीर के मेरे लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया गया है, जिनका विश्वास और कल्याण हमेशा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। ''

### पांच विदेशी विश्वविद्यालयों को मुंबई में परिसर स्थापित करने के लिए आशय पत्र मिला

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को मुंबई में अपने परिसर स्थापित करने के लिए पांच विदेशी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र (एलओआई) सौंपे। ये पांच विश्वविद्यालय हैं - शिकागो का इलिनोइस टेक, स्कॉटलैंड का एबरडीन विश्वविद्यालय, ब्रिटेन का यॉर्क विश्वविद्यालय, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय और इटली का इंस्टीट्यूटो यूरोपियो डी डिजाइन। प्रधान ने कहा ''ऐतिहासिक शहर मुंबई सपनों और उत्साह का शहर है। यह अपनी बुद्धिमत्ता और उद्यमशीलता की भावना के लिए भी जाना जाता है। नवी मुंबई में स्थापित की जा रही मुंबई एडुसिटी, मुंबई को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी और इसे वैश्विक ज्ञान राजधानियों में शामिल करेगी।'' प्रधान ने कहा, ''मुंबई एडुसिटी एक वैश्विक, भविष्य के लिए तैयार शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को आकार देने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के लोकाचार के अनुरूप विचारों, प्रतिभा और विश्वास की दो-तरफा आवाजाही को सुविधाजनक बनाने की दिशा में साहसिक कदम है।''

## मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 300 से अधिक राइफल, गोला-बारूद बरामद किए



**इंफाल :** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने इंफाल घाटी के पांच जिलों से 300 से अधिक राइफल समेत बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात खुफिया सूचना पर आधारित एक समन्वित अभियान के दौरान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। अधिकारी ने कहा कि जब्त की गई वस्तुओं में 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य राइफल, पांच कार्बाइन, दो एमपी5 बंदूक, 12 हल्की मशीन गन, एके सीरीज की छह राइफल, दो अमोघ राइफल, एक मोर्टार, छह पिस्तौल, एक एआर-15 और दो फ्लेयर बंदूक शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि घाटी के विभिन्न जिलों - इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर, काकचिंग और थौबल में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छिपाए जाने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया, जिससे बड़ी मात्रा में बरामदगी हुई।

## असम के धुबरी में सांप्रदायिक तनाव के बीच 38 लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि धुबरी में 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। धुबरी में सांप्रदायिक तनाव के बाद रात में देखते ही गोली मारने का आदेश दिया गया था। राज्य सरकार ने एक अधिसूचना में बताया कि धुबरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह का तबादला कर दिया गया है और उनकी जगह हैलाकांडी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) लीना डोले को नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से कहा, 'धुबरी में गो मांस मामले में रातभर में 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया।' मुख्यमंत्री के अनुसार सात जून को ईद के दिन धुबरी शहर में स्थित हनुमान मंदिर के सामने गाय का कटा हुआ सिर मिला था। अगले दिन फिर उसी मंदिर के सामने गाय का कटा हुआ सिर दोबारा मिलने के बाद इलाके में झड़प हुईं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौ जून को जिला प्रशासन ने धुबरी शहर में निषेधाज्ञा लागू की थी, जिसे अगले दिन कानून-व्यवस्था में सुधार के बाद हटा लिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि देखते ही गोली मारने का आदेश रात में दिया गया था, क्योंकि एक संगठन बांग्लादेश की सीमा से लगे जिले में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहा था।

# जहाज में लगी आग को बुझाने का काम जारी, भारतीय तटरक्षक के आठ जहाज तैनात



**नयी दिल्ली :** केरल तट के पास सिंगापुर के ध्वज वाले मालवाहक जहाज में आग लगने की घटना के पांच दिन बाद, भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के आठ जहाजों के साथ शनिवार को भी लगातार आग बुझाने का काम जारी रहा। एक कंटेनर में विस्फोट के बाद जहाज में आग लग गई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि इसके अतिरिक्त, आईसीजी का एक गश्ती पोत ऑपरेशन को जारी रखने के लिए एक बचाव नौका में बीच समुद्र में ईंधन भर रहा है। आईसीजी ने शुक्रवार को कहा कि उसने मालवाहक जहाज एमवी वान हाई 503 पर लगी आग को बुझाने के लिए ऑपरेशन में एक ''बड़ी उपलब्धि'' हासिल की है, जो नौ जून को एक कंटेनर में विस्फोट के बाद लगी थी, जब जहाज को तट से दूर रखने के लिए ले जाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। शनिवार को भी लगातार आग बुझाने का अभियान जारी रहा। तटरक्षक के प्रवक्ता कमांडेंट अमित उनियाल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''आईसीजी के आठ जहाज-सचेत, समर्थ, सक्षम, समुद्र प्रहरी, विक्रम, राजदूत, कस्तूरबा गांधी और अर्नवेश आग बुझाने के अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।'' यह घटना भारतीय समयानुसार सुबह लगभग 9.20 बजे, केरल के कन्नूर जिले में अझिक्कल से लगभग 44 समुद्री मील दूर और कोच्चि से 130 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में घटित हुई। भारतीय नौसेना ने शनिवार को कुछ विवरण साझा किए, जिसे उसने एक दिन पहले जहाज पर बचाव दल के ''साहसिक कार्य'' के रूप में वर्णित किया।

## पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन के बेटे ने शुरू किया सियासी सफर, राहुल गांधी को बताया प्रेरणास्रोत

**हैदराबाद :** हाल ही में तेलंगाना कांग्रेस के महासचिव नियुक्त किए गए पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन के बेटे असदुद्दीन ने अपने पिता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से प्रेरणा लेकर राजनीति के माध्यम से जनता की सेवा करने की इच्छा व्यक्त की है। कभी हैदराबाद कोल्ट्स इलेवन और गोवा समेत विभिन्न टीमों के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने वाले असदुद्दीन (35) ने शनिवार को कहा कि वह पार्टी और सामाजिक न्याय के प्रति राहुल गांधी की प्रतिबद्धता से बहुत प्रभावित हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मैं निश्चित रूप से लोगों की सेवा करूंगा और उनके साथ रहूंगा। अगर मैं लोगों के जीवन में कुछ बदलाव ला सका, तो मुझे बहुत खुशी होगी। अपनी नयी भूमिका को ''बड़ी जिम्मेदारी'' बताते हुए असदुद्दीन ने कहा कि वह पार्टी की विचारधारा के अनुरूप काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद कांग्रेस के मूल्यों के प्रति लड़ने के लिए राहुल गांधी की प्रशंसा की। उन्होंने 15 वर्ष से राजनीति में सक्रिय अपने पिता को भी प्रेरणास्रोत बताया। मुरादाबाद से पूर्व लोकसभा सदस्य अजहरुद्दीन ने 2023 में जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र से तेलंगाना विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार मिली थी। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने क्रिकेट क्यों छोड़ दिया, असदुद्दीन ने कहा कि एक खिलाड़ी का करियर छोटा होता है और सफलता में समय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। टेनिस स्टार सानिया मिर्जा की बहन अनम मिर्जा से विवाहित असदुद्दीन ने कहा, मुझे लगा कि क्रिकेट में मेरा समय खत्म हो गया है। मैंने सोचा कि मैं कुछ और करूं, जिसमें मेरा जुनून हो। जब असदुद्दीन को तेलंगाना कांग्रेस का महासचिव बनाया गया तो यह अजहरुद्दीन के लिए ''गर्व और भावनात्मक क्षण'' था। कांग्रेस द्वारा पदाधिकारियों की सूची घोषित किए जाने के बाद 10 जून को 'एक्स' पर एक पोस्ट में अजहरुद्दीन ने कहा था, मैंने लोगों के प्रति उनकी (असदुद्दीन) प्रतिबद्धता, सेवा के प्रति उनके जुनून और उनकी ईमानदारी को करीब से देखा है। वह जमीन से जुड़े रहें, ध्यान केंद्रित करें और उन मूल्यों के अनुसार काम करें जो वास्तव में मायने रखते हैं। इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए उन्हें ढेरों शुभकामनाएं।

# दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी खिताब के 27 साल के इंतजार को खत्म कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती

**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को फाइनल के चौथे दिन जीत के लिए जरूरी 69 रन बनाकर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत ली। दक्षिण अफ्रीका ने 27 वर्षों में अपना पहला बड़ा क्रिकेट खिताब जीता जिसके बाद लॉर्ड्स मैदान पर टीम के खिलाड़ी और प्रशंसकों ने जम कर जश्न मनाया। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 213 रन से की थी। टीम ने पांच विकेट पर 282 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया। यह लॉर्ड्स के 141 साल के इतिहास में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के चौथे दिन भी पूरा जोर लगाना जारी रखा और कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में उसके गेंदबाजों ने शुरुआती घंटे में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों की




कड़ी परीक्षा ली। दिन के तीसरे ओवर में जब कमिंस की गेंद पर कप्तान तेम्बा बावुमा (66) विकेट के पीछे एलेक्स कैरी के द्वारा लपके गये तब लगा कि टीम एक बार फिर जीत के करीब पहुंच कर फिसल ना जाये। दिन की शुरुआत 102 रन से करने वाले शतकवीर एडेन मारक्रम (136) की अगुवाई में टीम ने हालांकि धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए किसी अनहोनी को टाल दिया।ऑस्ट्रेलिया ने विकेट चटकाने के लिए पूरा प्रयास किया। टीम की बेताबी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने शुरुआती 90 मिनट के खेल में अपने तीनों डीआरएस गंवा दिये। जोश हेजल-वुड की गेंद पर मारक्रम जब आउट हुए तब तक मैच ऑस्ट्रेलिया के हाथों से निकल चुका था। मारक्रम ने छह घंटे और 23 मिनट की मैराथन पारी में 207 गेंद का सामना कर 14 चौके जड़े। काइल वेरेन (नाबाद चार) ने मारक्रम के पवेलियन लौटने के लगभग 15 मिनट के बाद विजयी रन जड़ कर दक्षिण अफ्रीका के खेमे को जश्न में डूबने का मौका दे दिया।


## डब्ल्यूटीसी फाइनल की जीत ने टीम की साख पर संदेह को खत्म कर दिया : बावुमा

**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की ऐतिहासिक जीत ने टीम की साख पर संदेह को खत्म कर दिया है। उन्होंने इसके साथ ही इस बात को भी खारिज कर दिया कि खिताबी मुकाबले तक पहुंचने की राह में उन्हें किसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना नहीं करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की टीम 2023-25 चक्र में बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान पर श्रृंखला जीत, न्यूजीलैंड के खिलाफ हार और भारत के खिलाफ ड्रॉ के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची। बावुमा ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, 'हमने अपने प्रदर्शन दम पर फाइनल में जगह बनाई। हमारे फाइनल में पहुंचने पर सवाल उठाये गये थे लेकिन इस जीत ने उसे खत्म कर दिया।'

## एएफआई ने एशियाई खेलों के लिए चार गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धाओं को अहम खेलों की सूची में शामिल किया

**नयी दिल्ली :** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हाल ही में मजबूत प्रदर्शन से उत्साहित होकर जापान में 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले को प्राथमिकता वाली स्पर्धाओं में शामिल किया है। एएफआई के शीर्ष अधिकारियों को 19 सितंबर से चार अक्टूबर, 2026 तक ऐची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में इन दोनों स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद है। एएफआई के प्रवक्ता ने आदिल सुमरिवाला ने कहा, ''एएफआई ने 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीमों को प्राथमिकता वाली स्पर्धा में शामिल किया है।'' विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और एएफआई के पूर्व अध्यक्ष सुमारिवाला ने कहा, ''रिले टीमों द्वारा लगातार शानदार प्रदर्शन भविष्य के लिए शुभ संकेत है।'' भारत ने 2018 और 2022 एशियाई खेलों में चार गुणा 100 मीटर के रिले स्पर्धा के लिए टीमों नहीं भेजी थी । इस वर्ष अप्रैल में गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांत होबलीधर और अमलान बोरगोहेन की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 38.69 सेकंड का समय लेकर 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में बनाए गए 38.89 सेकंड के एक दशक पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछले एशियाई खेलों में चीन (38.29 सेकंड), जापान (38.44 सेकंड), दक्षिण कोरिया (38.74 सेकंड) ने शीर्ष तीन में जगह बनाई थी। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले में अभिनय राजराजन, श्राबनी नंदा, स्नेहा एसएस और नित्या गंधे की टीम ने हाल ही में दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में 43.86 सेकंड का समय लेकर रजत पदक जीता।

## टीम एमजीडी1 फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय टीम बनी



**लंदन :** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और प्रणव के शानदार प्रदर्शन की मदद से टीम एमजीडी1 फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। छठी वरीयता प्राप्त टीम एमजीडी1 ने तीन दिन में 12 राउंड में 10 जीत दर्ज की और शुक्रवार को टीम हेक्सामाइंड के साथ एक करीबी मुकाबले के बाद चैंपियन बन गई। इस प्रतियोगिता में पिछले दो अवसरों पर रजत और कांस्य पदक जीतने वाली एमजीडी1 ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन टीम फ्रीडम के खिलाफ़ ड्रॉ और टीम हेक्सामाइंड से हार के कारण उसे खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन करने की जरूरत थी। अर्जुन एरिगैसी, पेंटाला हरिकृष्णा, लियोन मेंडोंका, डेविड एंटोन गुइजारो, त्सोलाकिडो स्टोव्रोला, प्रणव, अथर्व तायडे और कप्तान श्रीनाथ नारायणन की मौजूदगी वाली एमजीडी1 ने अंतिम चार राउंड में जीत दर्ज करके चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अर्जुन और प्रणव की जीत आखिर में निर्णायक साबित हुई। नारायणन ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'यह जीत बेहद खास है। ओलंपियाड में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार थी लेकिन यहां एमजीडी1 को छुपा रुस्तम माना जा रहा था। इस सब के बावजूद हम स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे।' टीम एमजीडी1 ने 21 अंक हासिल किए, जो टीम हेक्सामाइंड से एक अंक अधिक था। विश्वनाथन आनंद की टीम फ्रीडम 17 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

## भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग में ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारी

**लंदन :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन गोल से पिछड़ने के बाद वापसी के लिए अच्छे प्रयास किए लेकिन आखिर में वह 2-3 से हार गई। ऑस्ट्रेलिया ने कोर्टनी शो-नेल (16वें मिनट), लेक्सी पिकरिंग (26वें मिनट) के मैदानी गोल और टैटम स्टीवर्ट (35वें मिनट) के पेनल्टी स्ट्रोक पर के गए गोल की मदद से 3-0 की बढ़त ले ली। भारतीय टीम ने हालांकि दीपिका और नेहा के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन वह हार नहीं टाल सकी। भारत ने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेदने में विफल रहा। नौवें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत ने उसका



अच्छी तरह से बचाव किया। इसके बाद 13वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर एलीशा पावर ने शानदार बचाव करके भारत के प्रयासों को नाकाम किया। दूसरे क्वार्टर के शुरू होने के एक मिनट बाद ही भारत की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर शोनेल ने गोल कर दिया। इसके 10 मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया ने पिकरिंग के गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दो क्वार्टर में दबदबा बनाए रखा और हाफ टाइम तक 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के पांच मिनट बाद आस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सुनीता टोप्पो ने खतरे को टाल दिया। आस्ट्रेलिया को इसके बाद पेनल्टी स्ट्रोक मिला और स्टीवर्ट ने बिना कोई गलती किए अपनी टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर भारत के नाम रहा और अपने पहले पेनल्टी कॉर्नर से अंतर को कम किया, जिसे दीपिका ने बड़े ही शानदार तरीके से गोल में बदला।

## आर्या-बबूता की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीता

**म्यूनिख :** आर्या बोरसे और अर्जुन बबूता की भारतीय जोड़ी ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए चीन के मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन जिफेई वांग और लिहाओ शेंग की जोड़ी को 17-7 से हराकर शनिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। आर्या और बबूता अहम मौके पर धैर्य और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए चीन की जोड़ी को खिताबी मुकाबले में कोई मौका नहीं दिया। भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में 635.2 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक दौर में प्रवेश किया, जो वांग और शेंग (635.9) से सिर्फ 0.7 अंक पीछे था। चीन की जोड़ी का यह स्कोर क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड भी है।



व्यक्तिगत तौर पर आर्या ने 317.5 का स्कोर किया, जबकि बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर किया। आर्या इस साल की शुरुआत में पेरू के लीमा में विश्व कप में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकी है।। इस स्पर्धा में अन्य भारतीय जोड़ी इलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव 631.8 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रही।

### भारत की पहली पुरुष मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम इंग्लैंड में टी20 श्रृंखला खेलेगी

**नयी दिल्ली :** भारत की पहली पुरुष मिश्रित दिव्यांग (अलग-अलग दिव्यांगता वाले खिलाड़ी) क्रिकेट टीम 21 जून से तीन जुलाई तक इंग्लैंड में मिश्रित दिव्यांग टी20 श्रृंखला में भाग लेने के लिए तैयार है। दिव्यांगों के लिए उपकरण बनाने वाली संगठन 'स्वयं' ने भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के साथ मिलकर भारतीय पुरुष मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम के लिए यहां विदाई समारोह का आयोजन किया। 'स्वयं' के संस्थापक-अध्यक्ष स्मिनू जिंदल और भारत के पूर्व क्रिकेटर मदन लाल विदाई समारोह का हिस्सा थे। समावेशी खेलों में पहली बार भारतीय मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम को इस दौरे पर प्रतिष्ठित लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान पर खेलने का मौका मिलेगा।कप्तान रवींद्र गोपीनाथ संते के नेतृत्व में टीम सात मैचों की श्रृंखला खेलेगी।



# मनोहर लाल ने फतेहाबाद परमाणु ऊर्जा परियोजना की प्रगति की समीक्षा की

**चंडीगढ़ :** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को हरियाणा के फतेहाबाद जिले में परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत एनपीसीआईएल द्वारा क्रियान्वित की जा रही परमाणु विद्युत परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना (जीएचएवीपी) का दौरा किया और उत्तर भारत के पहले परमाणु ऊर्जा संयंत्र की प्रगति की समीक्षा की। पूरा होने पर उत्पादित बिजली का 50 प्रतिशत हरियाणा को आवंटित किया जाएगा। खट्टर ने भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के प्रयासों की सराहना की और देश के भविष्य के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और



विश्वसनीय ऊर्जा प्राप्त करने में परमाणु ऊर्जा के महत्व को दोहराया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी मौजूद थे। इस परियोजना में 700 मेगावाट क्षमता के चार पीएचडब्ल्यूआर 'प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर) स्थापित करना शामिल है, जिसकी कुल परियोजना लागत 41,594 करोड़ रुपये है। वाणिज्यिक परिचालन मार्च 2031 तक शुरू होने की उम्मीद है। मनोहर लाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल हरियाणा और उत्तर भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा समाधानों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगी। मंत्री ने कहा कि जीएचएवीपी जैसी परियोजनाएं भारत को 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा, यह परियोजना भारत को परमाणु ऊर्जा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी बनाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऊर्जा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। बाद में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यूनिट एक और दो के अब 2031 तक चालू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, साल 2031 तक दो बिजली इकाइयां चालू हो जाएंगी और 2032 में दो और बिजली संयंत्र चालू हो जाएंगे।

### अमेजन पर टॉप एसी और रेफ्रिजरेटर पर शानदार डील्स के साथ पाएं राहत

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस गर्मी में ठंडक का बेहतरीन अनुभव अब अमेजन.इन पर उपलब्ध शानदार डील्स के साथ संभव है। कैरियर, गोदरेज, हायर, सैमसंग और वोल्टास जैसे टॉप ब्रांड्स के समर अप्लायंसेज पर ग्राहक रोमांचक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। 20,000 रुपये तक के इंस्टैंट बैंक डिस्काउंट और 3,000 रुपये तक के कूपन डिस्काउंट के अलावा एचडीएफसी, एक्सिस, येस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आरबीएल, एचएसबीसी और फेडरल बैंक के क्रेडिट कार्ड से 18 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई भी उपलब्ध है। एलजी, पैनासोनिक, हिताची और कैरियर जैसे ब्रांड्स के हाई-परफॉर्मेंस एसी और ऊर्जा-बचत करने वाले रेफ्रिजरेटर आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध हैं। अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से खरीदारी पर कैशबैक और रिवॉर्ड्स भी मिलते हैं। अमेजन प्राइम मैंबर्स को तेज डिलीवरी और एक्सक्लूसिव डील्स जैसे कई फायदे मिलते हैं। वहीं, अमेजन बिजनेस ग्राहकों के लिए जीएसटी इनवॉइस पर 28% तक की अतिरिक्त बचत भी संभव है।

### बीमा कंपनियों ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा प्रक्रिया आसान की

**नयी दिल्ली :** बीमा कंपनियों - एसबीआई लाइफ, एचडीएफसी लाइफ और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने शनिवार को कहा कि उन्होंने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने ऐसी स्थितियों में प्रक्रियात्मक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले भारी भावनात्मक तनाव को समझते हुए, तेजी से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए दावा प्रक्रिया को आसान बना दिया है। एसबीआई लाइफ ने एक बयान में कहा कि दावा प्रपत्र, पॉलिसी दस्तावेज और केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) तथा नामित व्यक्ति के बैंक खाते के विवरण जैसे न्यूनतम दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत किया जा सकता है। दुखद हादसे में, एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान संख्या एआई171 बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें 241 यात्रियों समेत कुल 274 लोगों की मौत हो गई। एचडीएफसी लाइफ ने एक अलग बयान में कहा कि उसने प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए अपनी दावा प्रक्रिया को सरल बना दिया है। नामांकित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी अब स्थानीय अधिकारियों (सरकार, पुलिस या अस्पताल) से मृत्यु के प्रमाण के साथ ही दावा शुरू कर सकते हैं।

### स्पाइसजेट का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में तीन गुना होकर 325 करोड़ रुपये पर

**मुंबई :** किफायती एयरलाइंस स्पाइसजेट ने शनिवार को कहा कि बीते वित्त वर्ष की मार्च 2025 तिमाही में उसका कर पश्चात एकल मुनाफा लगभग तीन गुना होकर 324.87 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एयरलाइन ने शेयर बाजार को बताया कि 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 119 करोड़ रुपये था। स्पाइसजेट ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 16 प्रतिशत घटकर 1,446.37 करोड़ रुपये रह गया, जो 2023-24 की चौथी तिमाही में 1,719.3 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 में स्पाइसजेट ने 58.74 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में उसे 409 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इस अवधि में परिचालन राजस्व 25 प्रतिशत घटकर 5,284 करोड़ रुपये रह गया, जो 2023-24 में 7,050 करोड़ रुपये था।

### मालदीव के साथ 40 करोड़ डॉलर की मुद्रा अदला-बदली पर भारत ने संतोष जताया

**माले :** मालदीव और भारत के बीच 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की मुद्रा अदला-बदली से माले के विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने में मदद मिली है, जिस पर नयी दिल्ली ने शनिवार को संतोष जताया। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने बृहस्पतिवार को विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि के कारण मालदीव की संप्रभु रेटिंग 'सीसी' की पुष्टि की थी। इसके बाद मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने उक्त टिप्पणी की। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर पोस्ट किया कि यह संतोष की बात है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण (एमएमए) के बीच अक्टूबर 2024 में मुद्रा अदला-बदली के तहत 40 करोड़ डॉलर का लेनदेन हुआ, जिससे द्वीप राष्ट्र के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई। मुद्रा अदला-बदली ने मालदीव के लिए फिच क्रेडिट रेटिंग द्वारा उल्लेखित बाहरी नकदी तनाव को कम किया।

SHREE AGRASAIN COLLEGE
Gateway of Success...
SAC
Affiliated to University of Calcutta
4 Yr/ 3 Yr Degree Courses offered (under CCF) (Self Financed)
DIRECT ADMISSION 2025-26
Morning Shift (Girls only)
B.A. (Hons.) English, History, Hindi
(General) Education, Geography, Pol. Sc., English, History, Hindi
B.Com.
Day Shift (Co - Ed.)
B.Com. (4 Yr / 3 Yr)
B.B.A.
B.Sc. COMPUTER SCIENCE, COMPUTER APPLICATION



Fully AC
Student friendly College
● Scholarships for meritorious / needy students
● Outdoor games (Cricket, Football, Badminton, Volleyball)
● Career Oriented Add-On Courses
● Placement Assistance
● National Level Seminars, Workshops
Of all the memories you make here, some you remember, some you forget. At the end, you get a new perception of life and build a solid foundation for the future.
-M. P. Shroff, Chairman
For online admission visit college website
www.shreeagrasaincollege.net
For enquiry contact helpdesk
5/2A Height Road, Liluah How 711204
(Near Liluah Railway Station)
Follow Us
9804774641, 9830307369, 03326554916/17

वर्ष 10, पूर्णांक 3267 अंक 077, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in